रजिस्ट्री सं० डी०एल०-33004/98 REGD. NO. D.L.-33004/98

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3— उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3— Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 391] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 12, 1998/आश्विन 20, 1920
No. 391] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 12, 1998/ASVINA 20, 1920

महानिदेशालय (रक्षोपाय) का कार्यालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 17 सितम्बर, 1998

विषय : स्लैबस्टॉक फोम और पॉलीयूरेथेन फोम मैटर्सेज के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले 3000-4000 अणुभार के फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीअल के आयात के संबंध में रक्षोपाय जांच—अंतिम निष्कर्ष

सा.का.नि. 613 (अ).—कस्टम टैरिफ अधिनियम, 1973 और कस्टम के टैरिफ (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और निर्धारण) नियमावली, 1997 को ध्यान में रखते हुए

(i) प्रक्रिया :—(i) स्लैबस्टॉक फोम और पॉलीयूरेथेन फोम मैट्रसेज के विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले 3000-4000 अणुभार के फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीअल (जिसे इसमें आगे एफ एस पी कहा गया है) के भारत में आयात के संबंध में रक्षोपाय जांच प्रारंभ किए जाने का नोटिस 26-2-1998 को जारी किया गया था और भारत के राजपत्र, असाधारण में 3-3-1998 को प्रकाशित हुआ था। नोटिस की एक प्रति निम्नानुसार सभी ज्ञात पक्षकारों को भी भेजी गई थी :—

घरेलू उत्पादक

1. मैसर्स मनाली पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एम पी एल), चेन्नई।
2. मैसर्स स्पिक आर्गेनिक्स लिमिटेड (एस ओ आर एल), चेन्नई।

आयातक

1. आगोश पोलीफोम प्राइवेट लिमिटेड, चण्डीगढ़
2. अरविंद इण्टरनेशनल लिमिटेड, कलकत्ता
3. बनमोर फोम प्राइवेट, मुरैना, मध्य प्रदेश
4. कोजी फोम प्राइवेट लिमिटेड, पालधर, थाना
5. डी पी फोम प्राइवेट लिमिटेड, पांडिचेरी
6. डूरा फोम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, दादरा नगर हवेली
7. डायना फोम प्राइवेट लिमिटेड, उड़ीसा
8. देवी पोलीयूरेथेन प्राइवेट लिमिटेड, जिला-नासिक
9. एनके फोम प्राइवेट लिमिटेड, मेरठ
10. फेदर फोम इण्टरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा
11. फोम होम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड मिड़क तलोजा
12. फेदर फोम इण्टरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, सिलवासा
13. जॉय फोम प्राइवेट लिमिटेड, रानीपेट
14. जुही फोम प्राइवेट लिमिटेड, पंजाब
15. कर्लोन लिमिटेड, भुवनेश्वर
16. कमल फोम, पांडिचेरी
17. एम. आर. फोम्स, हैदराबाद
18. मल्टीपाइन फोम्स प्राइवेट लिमिटेड, कलकत्ता
19. माडर्न फोम उद्योग, लुधियाना
20. एन यू फोम्स इंडस्ट्रीज, अहमदाबाद
21. नात्पन फोम मैनुफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड, जिला-मेहसाना
22. पनामा पोलीप्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, बुलंदशहर
23. पल्लवी फोम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा, दादरी रोड, यू. पी.
24. पोलीफोम, चिंटूपुड़ा

25. प्रभात पॉलीयूरेथेन प्राइवेट लिमिटेड, पांडिचेरी
26. प्रताप पॉलीयूरेथेन प्राइवेट लिमिटेड, कलकत्ता
27. पी. यू. फोम प्राइवेट लिमिटेड, कलकत्ता
28. राज लेदर क्लाथ इण्डस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, सोनीपत
29. शीला फोम प्राइवेट लिमिटेड, साहिबाबाद
30. तिरुपति फोम लिमिटेड, मेहसाना
31. तिरुपति फोम लिमिटेड, तालुक कालोल

निर्यातक

1. आर्को केमिकल (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर
2. मैसर्स आर्को केमिकल्स, यू एस ए
3. असाही देनका कोगियो के. के., जापान
4. असाही ग्लास कंपनी लिमिटेड, सिंगापुर
5. डॉव केमिकल पैसिफिक (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर
6. हेम ए जी, जर्मनी
7. शेल केमिकल्स एण्ड शेल ईस्टर्न पेट्रोलियम (प्राइवेट) लिमिटेड, सिंगापुर
8. मैसर्स योकांग लिमिटेड, सियोल

(ii) नोटिस की एक प्रति, निर्यातक देशों की सरकारों को भी उनके नई दिल्ली स्थित दूतावासों के माध्यम से भेजी गई थी।

(iii) उसी दिन सभी ज्ञात घरेलू उत्पादकों, आयातकों और निर्यातकों को प्रश्नावलियों भी भेजी गई थीं और उनसे 13 अप्रैल, 1998 तक अपने उत्तर भेज देने के लिए कहा गया था। अपने उत्तर भैजने के लिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध निम्नलिखित तीन पक्षकारों ने किया था :—

— मैसर्स शेल ईस्टर्न पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर
— मैसर्स डॉव केमिकल पैसिफिक (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर
— मैसर्स असाही ग्लास कंपनी लिमिटेड, जापान

उनके अनुरोध को ध्यान में रखते हुए और जांच शीघ्रता से पूरा करने की आवश्यकता को देखते हुए 24 अप्रैल, 1998 तक अवधि बढ़ा दी गई और पक्षकारों को तदनुसार सूचित कर दिया गया।

(iv) मैसर्स सील्ड एयर (एस) प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर और मेसर्स बेयर ए जी कंपनी ने इच्छुक पक्षकार के रूप में विचार किए जाने का अनुरोध किया जिसे मान लिया गया।

(v) दिनांक 26 फरवरी, 1998 के नोटिस और प्रश्नावलियों के उत्तर निम्नलिखित पक्षकारों से प्राप्त हुए हैं :—

(क) घरेलू उत्पादक

1. मैसर्स मनाली पैट्रोकेमिकल्स लिमिटेड
2. मैसर्स स्पिक आर्गेनिक्स लिमिटेड

(ख) आयातक

1. मैसर्स बनमोर फोम (प्राइवेट) लिमिटेड, नई दिल्ली
2. मैसर्स भारत फोम उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, फरीदाबाद
3. मैसर्स डी. पी. फोम प्राइवेट लिमिटेड, पांडिचेरी
4. मैसर्स जॉय फोम प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई
5. मैसर्स कर्लान लिमिटेड, बंगलौर
6. मैसर्स मद्रास पॉलीमोल्ड्स, चेन्नई
7. मैसर्स पॉलीयूरेथेन एसासिएशन आफ इंडिया, चेन्नइ
8. मैसर्स शीला फोम प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद
9. मैसर्स साफ्ट फोम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, आंध्र प्रदेश
10. मैसर्स [illegible] प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद

(ग) निर्यातक

1. मैसर्स आर्को केमिकल (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर
2. मैसर्स असाही ग्लास कंपनी लिमिटेड, जापान (सिंगापुर शाखा)
3. मैसर्स डॉव केमिकल पैसिफिक (सिंगापुर) लिमिटेड, सिंगापुर
4. मैसर्स सील्ड एयर (एस) प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर
5. मैसर्स शेल ईस्टर्न पेट्रोलियम (प्राइवेट) लिमिटेड, सिंगापुर

(vi) जांच के लिए आवश्यक समझी गई सूचना का सत्यापन किया गया और इस कार्य के लिए अधिकारियों के एक दल ने मैसर्स मनाली पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, चैन्नई, मैसर्स स्पिक आर्गेनिक्स लिमिटेड, चैन्नई और मैसर्स शीला फोम प्राइवेट लिमिटेड, गाजियाबाद और मैसर्स भारत फोम उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, फरीदाबाद के परिसरों का दौरा किया। सत्यापन का परिणाम संबंधित पक्षकारों को भेज दिया गया।

(vii) दिनांक 6-8-98 को एक सार्वजनिक सुनवाई भी की गई जिसके लिए नोटिस सभी इच्छुक पक्षकारों को दिनांक 6-7-98 को भेज दिया गया था। पक्षकारों से कहा गया कि वे सार्वजनिक सुनवाई के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना को लिखित में प्रस्तुत करें ताकि वह सूचना महानिदेशक के कार्यालय में 13 अगस्त, 98 तक पहुंच जाए और अन्य पक्षकारों के लिखित प्रस्तुतीकरण की प्रतियां वे महानिदेशक के कार्यालय से 14 अगस्त, 98 को ले लें। इस संबंध में किसी प्रकार का खंडन यदि कोई हो, 26 अगस्त, 1998 तक महानिदेशालय के कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

(ii) घरेलू उद्योग के विचार

घरेलू उत्पादकों ने निम्नलिखित मुख्य मुद्दे उठाए हैं :—

1. एम पी एल और एस ओ आर एल दोनों अनुसंधान और विकास केन्द्र सहित क्रमशः आई एस ओ 9001 और 9002 प्रत्यायित कंपनियां हैं जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित हैं।
2. इनके उत्पाद, इनकी श्रेणी के लिए निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं।
3. वे अपने ग्राहकों से उत्पाद की श्रेष्ठता और सेवाओं के बारे में उनके अनुभव के संबंध में नियमित तौर पर ''फीडबैक'' एकत्र करते हैं।

4. बहुराष्ट्रीय एवं छोटे ग्राहकों ने भी उनके उत्पादों और उनके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की गुणता की प्रशंसा की है।

5. उन्होंने 3000 अणुभार के फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक का विनिर्माण किया है जो 3000 और 4000 के बीच अणुभार वाले इसी प्रकार के एफ एस पी के स्थान पर प्रयुक्त हो सकते हैं। 3000, 3500 और 4000 अणुभार के अंतर्राष्ट्रीय उत्पाद लगभग इसी प्रकार के अनुप्रयोग के लिए उपलब्ध हैं।

6. बहुराष्ट्रीय प्रचालकों ने विभिन्न शहरों में डीलर नियुक्त किए हैं और उनसे उपलब्ध उत्पाद तथा घरेलू उत्पाद उसी विशिष्ट और अणुभार के अनुरूप हैं।

7. इस संबंध में क्षति का कारण कच्चे माल की ऊंची लागत, सीमाशुल्क का निम्न स्तर, बढ़ा हुआ आयात, निर्यातकों से कम ब्याज तथा स्वदेशी उत्पादों पर बिक्री कर एवं चुंगी है।

8. वे होमोपॉलीअल और हैट्रोपॉलीअल दोनों का विनिर्माण करते हैं और हेट्रोपॉलीअल उत्पाद सभी ग्राहकों को उपलब्ध कराया गया है।

9. बिक्री के बहुत निम्न स्तर, स्टॉक के उच्च स्तर और अवरुद्ध कार्यशील पूंजी के उच्चतर स्तर के कारण पॉलीअल संयंत्र वित्त वर्ष 1997-98 के प्रारंभ में बंद हो गए थे।

10. उन्होंने 1990 में इन परियोजनाओं के प्रारंभ होने के समय से इस प्रकार की समस्या का सामना कभी नहीं किया। उनके अधिकांश ग्राहक कंपनी द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रदान की गई सेवाओं के बारे में और परोक्ष रूप से पी यू उद्योग को जमीन से ऊपर उठाने में की गई सेवाओं के बारे में भली-भांति जानते हैं।

11. मनाली पैट्रोकैमिकल्स और स्पिक आर्गेनिक्स लिमिटेड दोनों स्पिक समूह की कंपनी हैं। एम पी एल की स्थापना ऑटोकेम की प्रौद्योगिकी के साथ हुई थी और वे इसी प्रकार के संयंत्र लावेरा, फ्रांस में प्रचलित कर रहे थे और मूल इंजीनियरी कार्य फ्रांस की टेक्निप द्वारा किया गया था एवं विस्तृत इंजीनियरी, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड द्वारा निष्पादित की गई थी। एस ओ आर अल को इटली के "एनीकेम" प्रौद्योगिकी के आधार पर निगमित किया गया था। विस्तृत इंजीनियरी, उडे, इंडिया द्वारा की गई थी। पॉलीअल प्रौद्योगिकी के आयात के लिए संविदा वर्ष 1983 में की गई थी और ए आर सी डी के आगमन के बाद प्रौद्योगिकी को उन्नत किया गया। इसके आधार पर पहला संयंत्र 1984 में टेक्सास में बनाया गया। इसके बाद के संयंत्र इसी प्रौद्योगिकी के अनुसार इण्डोनेशिया, कोरिया और फ्रांस में बनाए गए। रिएक्टर ट्रांसफर सिस्टम और इंस्ट्रुमेंटेशन का आकार उन संयंत्रों के समान हैं जो कोरिया में बनाए गए हैं सिवाय एम पी एल संयंत्र के, जिसमें 2 नियंत्रण (ट्रेन) पॉलीअल संयंत्र लगे हैं जबकि कोरिया में बने संयंत्र में 3 नियंत्रण (ट्रेन) लगे हैं।

12. संयंत्रों का चालन और गारंटी परीक्षण चक्र वर्ष 1990 में पूरा किया गया। पी ओ संयंत्रों की उनकी रक्षोपाय शुल्क (एस जी डी) के आवेदन में दिखाई गई क्षमता उनकी वार्षिक रिपोर्ट में उल्लिखित क्षमता के अनुसार थी। एम पी एल संयंत्र 7500 एम टी प्रतिवर्ष की क्षमता के लिए बनाया गया था भले ही उनके पास 6000 एम टी प्रतिवर्ष की क्षमता का लाइसेंस था। जब आगे चलकर न्यूनतम आर्थिक क्षमता बढ़ गई और लाइसेंस के लिए अपेक्षाओं को भी हटा लिया गया, उन्होंने संयंत्र का पंजीकरण प्रत्येक 25000 एम टी प्रतिवर्ष की क्षमता के लिए करवाया था। गारंटी-परीक्षण-चक्र के दौरान, प्रचालन की मानक स्थितियों के अंदर भी संयंत्रों ने 136 प्रतिशत अर्थात् 7500 एम टी प्रतिवर्ष से अधिक प्राप्त किया। प्रचालन के प्रथम वर्ष के बाद उन्होंने अवरोधों को दूर करके संयंत्रों की क्षमता को और अधिक बढ़ा दिया था और संयंत्र की "आन स्ट्रीम" दक्षता से पता चलता है कि संयंत्रों की क्षमता एम पी एल में लगभग 10000 एम टी प्रतिवर्ष और एस ओ आर एल में 8500 एम टी प्रतिवर्ष है। पी ओ संयंत्र की क्षमता, डिजाइन के अनुसार और गारंटी-निष्पादन-परीक्षण में किए गए सत्यापन के अनुसार प्रत्येक 15000 एम टी प्रतिवर्ष है। सहायक उपयोगिता संयंत्र अधिक उच्च क्षमता के हैं और दूसरे पी ओ संयंत्र को आसानी से सहायता कर सकते हैं। पी ओ संयंत्र की क्षमता उपयोगिता केवल 8900-10000 एम टी प्रतिवर्ष है और उत्पादन को 15000 एम टी प्रतिवर्ष की क्षमता तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है बशर्ते इसे पूरा करने के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध हों। इसे देश की मांग को पूरा करने के लिए अल्प निवेश से थोड़े समय के अंदर और भी बढ़ाया जा सकता है।

13. जब वर्ष 1990 के अंत में एफ एस पी शुरू हुआ तो एम पी एल और एस ओ आर एल ने फील्ड परीक्षण के लिए अपने वाणिज्यिक और तकनीकी अधिकारियों को भेजा और अधिक समस्या के बिना अधिकांश ग्राहकों द्वारा उत्पाद स्वीकार कर लिया गया। सहयोगी कंपनियों द्वारा दी गई सलाह के कारण और एथिलीन आक्साइड की बहुत कम उपलब्धता के कारण दोनों कंपनियों ने पहले होमोपॉलीअल शुरू किया। 1992 में हेट्रोपॉलीअल भी शुरू किया गया। हेट्रोपॉलीअल का औसत उत्पादन, पॉलीअल्स के कुल उत्पादन का 35 प्रतिशत था। उन्होंने हेटो ग्रेड को केवल उन्हीं ग्राहकों को बेचा जो केवल इस ग्रेड विशेष को लगातार चाहते थे।

14. उनके तकनीकी स्टाफ ने ग्राहकों के स्थान पर से निर्मितियों का परिष्करण किया और उसके बाद विशिष्ट प्रकार की मदद मांगे जाने पर उनके पास गए। जब कभी उनके पास मामले भेजे गए, उन्होंने अधिकांश मामलों को देखा। उनके पास दिल्ली और मुंबई में तकनीकी सहायक सेवा कार्मिक उपलब्ध हैं जो ग्राहकों के अनुरोध पर निरंतर ध्यान देते हैं और जब कभी विशेष प्रयास की आवश्यकता हुई, उत्पादन के विकास में लगे उनके वैज्ञानिक उसी दिन उनकी समस्याओं को हल करने के लिए पहुंचे गए।

15. उनके पास इन क्षेत्रों में 50 से अधिक छोटे और मझौले ग्राहक थे जो सत्पाद और साथ ही साथ तकनीकी सहायक सेवा के लिए उन पर पूर्णतया निर्भर थे क्योंकि उनकी मांग अल्प मात्रा में थी और कुल खपत 100 कि. ग्रा. प्रतिमाह से 5 मी. टन प्रतिमाह के बीच थी। अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियां उनकी मांग को

पूरा करने के लिए इच्छुक नहीं थी क्योंकि इस प्रकार के छोटे ग्राहकों को विकसित करने और उनकी मांग को पूरा करने में लगे समय और प्रयास बहुमुखी थे जब तुलनात्मक रूप से एफ एस पी की सीधी आसान बाजार थी जिसमें उन्हें अपने अस्तित्व से दूर रखा गया।

16. एफ एस पी के ग्राहकों द्वारा 1991-92 से वर्षवार क्रमिक रूप से प्रयुक्त हो रही बढ़ती मात्रा, उनके उत्पाद की स्वीकार्यता और पी यू उद्योग को कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता का एक स्पष्ट प्रमाण है। उनका 1990-91 से बाजार हिस्सा लगभग 100% था जो गिरकर वर्तमान स्तर अर्थात् 40 प्रतिशत से भी कम पर आ गया। गत 4 वर्षों में कुछ बड़े फोम विनिर्माताओं के बजार हिस्से में क्रमिक रूप से गिरावट आई अर्थात् 100 प्रतिशत (1995-96) से कम होकर 70 प्रतिशत (1996-97) और 25 प्रतिशत (1997-98) से कम होकर वर्तमान स्तर अर्थात् केवल 7 प्रतिशत (1998-जून, 98) हो गया ये बड़े फोम निर्माता 70 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सा बनते हैं।

17. फोम निर्माता 1991 से स्वदेशी एफ एस पी का इस्तेमाल कर रहे थे। 1996-97 से उन्होंने स्वदेशी एफ एस पी के स्थान पर आयातित एफ एस पी का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया । हेट्रो अथवा होमोपॉलीअल की महसूस की गई गुणता अथवा उपलब्धता की समस्या निश्चित तौर पर इसका कारण नहीं है क्योंकि कंपनियों ने पहले ही काफी मात्रा में इसकी बिक्री की थी बल्कि कीमत और कीमतों से संबंधित मुद्दा इसका कारण हो सकता है।

18. दिसंबर, 1996 से उत्पादन परिदृश्य काफी नाजुक हो गया, जब स्वदेशी प्रोपीलीन की कीमतें अप्रत्याशित रूप से लगभग 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाने लगीं और इसी दौरान पॉलीअलों पर सीमा शुल्क में 30 प्रतिशत की गिरावट आई।

19. नवंबर, 1996 से अप्रैल, 1997 तक उत्पादन की लागत में वृद्धि होने से कंपनी को निवेश-लागत के स्तर से नीचे कीमत गिराने से रोक दिया और सस्ते आयात ने संपूर्ण बाजार पर अधिकार कर लिया।

20. एम पी एल ने प्रेपीलीन की आपूर्ति के लिए एम आर एल के साथ 10 वर्ष की दीर्घकालीन संविदा की है। यह संविदा एल पी जी की कीमत के आधार पर है और प्रोपीलीन की कीमत निकालने के लिए केवल काल्पनिक संसाधन लागत जोड़ी गई है। भारत सरकार ने एल पी जी की कीमत सितंबर, 1993 से माहवार निश्चित की है और इस कीमत में जैसे-जैसे परिवर्तन होता है, प्रोपीलीन की कीमत में भी माहवार परिवर्तन होता है। 1993 में एम आर एल में आग लगने की घटना से उन्हें कुड्डालूर पत्तन पर अस्थायी रूप से प्रोपीलीन आयात टर्मिनल बनाने के लिए सोचने पर विवश होना पड़ा। चेन्नई, मुंबई और तूतीकोरिन महापत्तनों पर प्रोपीलीन आयात करने की सुविधा नहीं है और वे खतरनाक कार्गो शिपमेंट को स्थान देने के लिए पत्तन क्षेत्र के अंदर भीड़-भाड़ होने के कारण तथा जगह की कमी के कारण ऐसे टर्मिनल बनाने के इच्छुक भी नहीं थे। अब उनके पास प्रोपीलीन की भण्डारण-क्षमता 1500 एम टी है। एम आर एल, पूर्ण उत्पादन स्तर पर कंपनियों की 70 प्रतिशत मांग की आपूर्ति आसानी से कर सकता है और शेष 30 प्रतिशत का आयात किया जाएगा। कुड्डालूर टर्मिनल के जरिए प्रोपीलन की उतराई लागत लगभग 3 रु० प्रति कि०ग्रा० थी जो कि हैंडलिंग पद्धति के कारण पूर्ण विकसित टर्मिनल पर लगने वाली लागत की अपेक्षा अधिक थी। उन्होंने अंतर को पूरा करने और लागत को कम रखने के दृष्टिकोण से एस बी एम सुविधा के साथ प्रणाली को और अधिक उन्नत करने का निर्णय लिया।

21. अब एम पी एल के साथ टेक्निप ने चीन, थाईलैण्ड और ताईवान में एम पी एल को आदर्श मानकर संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव किया है।

22. स्वदेशी एफ एस पी और आयातित एफ एस पी के सभी गुणता मापदण्ड समाने थे। एफ एस पी, यद्यपि बैचवार तैयार किया जाता है, भण्डारण टैंक में जाता है। पी ओ फोम के विनिर्माण की प्रौद्योगिकी छोटे और बड़े संयंत्रों में समान थी।

23. यद्यपि एफ एस पी की उत्पादन लागत, आवेदन करते समय ऊंची थी फिर भी यदि एस जी डी के प्रयोजन के लिए संपूर्ण वर्ष 1997-98 के लिए एफ एस पी के उत्पादन की संपरीक्षित लागत को ध्यान में रखने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं थी क्योंकि यह संपूर्ण वर्ष के लिए उत्पादन की वास्तविक लागत थी।

24. आवेदन में दर्शाए गए आयात आंकड़े पूर्ण नहीं थे क्योंकि आई सी डी दिल्ली और कांडला के आयात आंकडे शामिल नहीं किए गए थे।

25. यद्यपि, उन्होंने शेयर होल्डरों के हितों की देखरेख के लिए भिन्न-भिन्न इक्विटी स्तरों के कारण एम पी एल और एस ओ आर एल के लिए भिन्न-भिन्न रक्षेपाय शुल्क की मांग की थी फिर भी भारित औसत रक्षोपाय शुल्क की सिफरिश की जा सकती है जिससे प्रचालन सरल हो जाएगा।

26. 1993-94 की अवधि के दौरान रसायनों की उच्च लागत, पी यू उत्पादों पर उच्च सीमा शुल्क टैरिफ और उच्च उत्पाद शुल्क के बावजुद उद्योग में आश्चर्यजनक दर से वृद्धि हुई। यह वृद्धि 1994-95 और 1995-96 के दौरान पॉलीअल की बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय कीमत अर्थात् 1850 अमरीकी डालर पी एम टी (भारत में 81 रु० प्रति कि०ग्रा०) और 2800 अमरीकी डालर प्रति मी०टन० की दर पर टी डी आई के बावजूद काफी थी। वर्तमान में पॉलीअल 980 अमरीकी डालर प्रति मी०टन की दर पर (भारत में 61 रु० प्रति कि०ग्रा०) और टी डी आई, 1700 अमरीकी डालर प्रति मी०टन (भारत में 100 रु० प्रति कि०ग्रा०) की दर से बिक रहा है। यदि पी यू उद्योग ऐसी उच्च लागत एवं भारी कर और शुल्क ढांचे के साथ इतनी तेज गति से बढ़ सकता है तो आज यह उद्योग बढ़ने में समर्थ क्यों नहीं है।

27. इससे पहले पी यू फोम की कीमत 250 रु० प्रति कि०ग्रा० थी जो गिरकर 150 रु० प्रति कि०ग्रा० के स्तर पर आ गई है।

कीमतें, अत्यधिक उत्पादन के कारण और संभवत: अपना बाजार बढ़ाने के लिए विभिन्न फोनम निर्माताओं के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण गिर रही हैं, न कि इस कारण कि बाजार, पहले से ही निम्न लागत को आत्मसात करने में समर्थ नहीं है। इस उद्योग और बाजार ने पहले निविष्ट की अधिक उच्चतर लागत को आत्सात किया था।

28. पॉलीअलों का उत्पादन एम आर एल में आग लगने की दुर्घटना के कारण अप्रैल, 1993 के दौरान बाधित हुआ। इसलिए एम पी एल ने कुड्डालूर में प्रोपीलीन के लिए आयात सुविधा का कार्यान्वयन किया। तब से कंपनी से पॉलीअल की आपूर्ति किसी भी समय कम नहीं रही और आपूर्ति कभी भी बंद नहीं हुई और वह भी मैसर्स शीला ग्रुप को।

29. जहां तक पॉलीअलों के संसाधनीयता के बारे में फोम निर्माताओं की टिप्पणी का संबंध है, यह सत्य है कि फोम निर्माताओं द्वारा इससे पहले इस्तेमाल किए जा रहे होमो पॉलीअलों की तुलना में हेट्रों पॉलीअलों को संसाधित करना, एथिलीन आक्साइड (ई ओ) पदार्थ और कतिपय उत्प्रेरकों की थोड़ी सी कम आवश्यकता के कारण आसान है। वे 1992 से हेट्रो पॉलीअलों की बिक्री कर रहे थे और 35 प्रतिशत उत्पादित मात्रा हेट्रोग्रेड की थी।

30. फोम निर्माताओं के लिए कीमत मुख्य मुद्दा थी और उनके क्रय निर्णय के बारे में पूर्ववर्ती निर्णय इस कारण था कि जब स्वदेशी पॉलीअल की कीमत दिसंबर, 96 से लगभग 5-6 रु० अधिक थी तो बाजार धीरे-धीरे पूर्णतया बंद हो गया। विभिन्न व्यवसाय ग्रुपों द्वारा मात्रा उठाने में नाटकीय रूप से गिरावट आई और आयात बहुत शीघ्रता से बढ़ गया। जून, 1997 में हुए विचार-विमर्श, जिसमें बहुत विशेष कीमतों का प्रस्ताव किया गया था, के बाद भी "आफटेक" में वृद्धि नहीं हुई।

31. प्रोपीलीन की कीमतों में कमी और 4 प्रतिशत विशेष अतिरिक्त शुल्क संबंधी मुद्दे, आवेदन दाखिल किए जाने के बाद की अवधि में उठाए गए हैं। 4 प्रतिशत का विशेष अतिरिक्त शुल्क एम पी एल/एस ओ आर एल के लिए वास्तविक मदद का नहीं है क्योंकि अधिकांश पॉलीअल इस समय डी ई पी बी स्कीम के अंतर्गत आयातित किए जाते हैं। इसके अलावा आयात किसी ऐसे ट्रेडर के माध्यम से किया जाता है जो दमन या पांडिचेरी में होता है जहां पर कि बिक्री कर या तो निम्न होता है अथवा बिल्कुल नहीं होता है।

32. उन्होंने संयंत्रों की क्षमता के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं और उनके पास देश की संपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए पी ओ संयंत्र और पॉलीअल संयंत्र की पर्याप्त क्षमता है।

33. इस उद्योग की न्यूनतम आर्थिक क्षमता 1989 से पहले 12000 एम टी पी ओ/पॉलीअल संयंत्र थी और अकेले पॉलीअल संयंत्र के लिए कोई विशिष्ट उल्लेख नहीं था। लाइसेंसिंग प्रक्रिया के आसान हो जाने के बाद अब उन्हें पी ओ के 25000 एम टी, पी जी के 12000 एम टी और पॉलीअल के 25000 एम टी के लिए पंजीकृत किया गया था। तथापि, अब उसमें उपलब्ध क्षमता इस प्रकार है :—

	एम पी एल (एम टी)	एस ओ आर टी (एम टी)
प्रोपीलीन आक्साइड	15000	15000
प्रोपीलीन ग्लाइकोल	7815	7500
पॉलीअल	10000	8000

34. एकाधिकार, गलत बाजार प्रथा और कीमतों में परिवर्तन के आरोप में उन्होंने बताया कि एम पी एल और एस ओ आर एल दोनों के एक ही ग्रुप के होने के बावजूद वे बाजार को पूर्णतया खो चुके थे और बाजार हिस्सा कम होकर 40 प्रतिशत हो गया। बड़े खरीदारों ने अपना बाजार हिस्सा 100 प्रतिशत से कम करके 7 प्रतिशत कर दिया। यदि वे कीमतों में हेर-फेर कर सकते और बाजार में परिवर्तन ला सकते तो उन्हें नकद हानि उठाने के बजाए लाभ हुआ होता।

35. इस टिप्पणी के बारे में कि ताईवान, थाईलैण्ड और चीन में एम पी एल/एस ओ आर एल प्रौद्योगिकी पर स्थापित संयंत्र, कम टैरिफ वातावरण में प्रतियोगी हो सकते हैं तो भारत में क्यों नहीं? एम पी एल/एस ओ आर एल ने बताया कि प्रोपीलीन की कीमतें, देयताओं की लागत, स्थानीय कर और शुल्क उन देशों की अपेक्षा भारत में बहुत अधिक है। इसके अलावा उन स्थानों पर लगे संयंत्र अपेक्षाकृत बड़े पेट्रोकेमिकल परिसर के भाग के रूप में प्रचलित किए जाते हैं और उपयोगी संरचना तथा कच्चे माल केवल परिवर्तन दर पर उन्हें प्राप्त होता है।

36. शेल ने उल्लेख किया है कि सिंगापुर के उत्पादों को 10 दिन के अंदर मुंबई में और 15 दिन के अन्दर दिल्ली में उतारा जा सकता है और यह तथ्य मेसर्स डॉव (डी ओ डब्ल्यू) द्वारा किए गए दावे के विपरीत है कि नौयात्रा समय 45 दिनों का है।

37. प्रयोक्ताओं से कहा जा सकता है कि वे क्रेडिट अवधि को स्वीकार करने से अथवा डालर सुरक्षा लेने से अपनी अस्वीकृति के बारे में साक्ष्य प्रस्तुत करें।

III. प्रयोक्ताओं/आयातकों के दृष्टिकोण

एफ एस पी के आयातकों/प्रयोक्ताओं ने निम्नलिखित मुख्य मुद्दे उठाए हैं:—

1. एम पी एल और एस ओ आर एल द्वारा विनिर्मित एफ एस पी की गुणता अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं थी।

2. स्पिक (एस पी आई सी) ग्रुप द्वारा बी बी पेट्रो की खरीद और उसे एस ओ आर एल के रूप में नया नाम देने के बाद एम पी एल और एस ओ आर एल दोनों एक ही छतरी के नीचे आ गए हैं और उन्होंने एकाधिकारवाद की प्रवृत्ति अपनाई है। उनकी

शर्तें मनमाने ढंग से परिवर्तित कर दी गई और उन्होंने व्यवसाय-छूट(ट्रेड डिस्काउंट) वापस ले ली जिसे पहले ऑफर किया गया था। कीमतें भी बिना कोई कारण बताए परिवर्तित कर दी गईं।

3. पॉलीयूरेथेन फोम विनिर्माताओं को घरेलू उत्पादकों द्वारा आपूत दोषपूर्ण पॉलीअल के कारण गंभीर हानि उठानी पड़ी और घरेलू उत्पादकों ने गुणता शिकायत को अस्वीकार करके शिकायत गैर-जिम्मेदाराना ढंग से व्यवहार किया और आपूर्ति को पूरी तरह से ठप करने की धमकी देकर दोनों उद्यमों से बिल की राशि की मांग की। घरेलू उत्पादक गुणता शिकायतों को पूर्णतया नजरअंदाज करते रहे हैं और तकनीकी तौर पर या अन्यथा तौर पर शिकयतों को दूर करना अस्वीकार करते रहे हैं। कोई स्थापित उद्यम ऐसी स्थिति का सामना नहीं कर सकता जब दो घरेलू विनिर्माता, जो अब एक ही ग्रुप के हैं, माल की आपूर्ति को अस्वीकार कर दें और उद्योग को निस्तार-धन मिलने तक रोक रखें। अतः पॉलीयूरेथेन विनिर्माताओं को विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से संपर्क स्थापित करना पड़ा भले ही आयातित माल की कीमतें स्वदेशी कीमतों की अपेक्षा थोड़ी अधिक हों। उन्होंने एफ एस पी की कुछ मात्रा, बेहतर शर्तों और आश्वस्त गुणता आपूर्ति पर आयातित करना पसंद किया।

4. घरेलू उत्पादक, अपने संयंत्रों के अस्तित्व में आने के 8 वर्षों के दौरान उनका मूल्यह्रास भी न बचा पाए तो वे मांगे गए रक्षोपाय शुल्क को दो वर्ष की अल्प अवधि में टर्न एराउण्ड पचालन में कैसे समर्थ हो पाते। दोनों यूनिटों का प्रबंधन एक ही ग्रुप द्वारा किए जाने के बाद भी भिन्न-भिन्न रक्षोपाय शुल्क की मांग की गई है जिससे यूनिटों की प्रबंधन दक्षता परिलक्षित होती है।

5. अंतर्राष्ट्रीय उत्पादन उद्योग को उत्कृष्ट सेवा और नवीनतम प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराते है। उनके द्वारा प्रस्तावित ब्याज दर आर बी आई द्वारा मानिटरित "लाइबर" दरों के समान थी। विगत 15/20 वर्षों में यहां तक कि एम पी एल और एस ओ आर एल द्वारा उत्पादन प्रारंभ किए जाने से पहले ही 19/120 दिनों की क्रेडिट होती थी।

6. एक प्रमुख कठिनाई घरेलू उत्पादकों से अनिश्चित आपूर्ति की थी जिससे उनका उत्पादन प्रभावित हुआ। उन्हें आयातित पॉलीअल के मामले में भारी भरकम आयात औपचारिकताओं के होने के बावजूद उस प्रकार की कोई समस्या नहीं थी। आयातित एफ एस पी की बेहतर गुणता के कारण विनिर्मित पॉलीयूरेथेन फोम की गुणता श्रेष्ठ थी।

7. घरेलू उत्पादकों द्वारा विनिर्मित पॉलीअल होमो-पॉलीअल था और उसके लिए फोम उत्पादन हेतु काफी अधिक मात्रा में उत्प्रेरक स्तरों की आवश्यकता थी जो कि खर्चीले होते हैं। फोम ब्लॉकों के केन्द्र की ब्राउनिंग, स्थानीय पॉलीअल में लगाए गए ऐण्टी स्कोर्चिंग एजेन्ट के अनुपयुक्त स्तर के कारण होते है। दोनों कंपनियां, यद्यपि एक ही ग्रुप के स्वामित्व में हैं, पॉलीअल के विनिर्माण के लिए भिन्न-भिन्न प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करती हैं जिसके लिए निर्मितियों में परिवर्तन करने की आवश्यकता होती है। चूंकि वे जब कोई ऑर्डर देते हैं तो विपणन व्यवस्था एक ही होने के कारण उनका नियंत्रण इस बात पर नहीं होता कि किस माल की आपूर्ति की जाएगी।

8. आयात के लिए कीमत विचारणीय विषय नहीं था क्योंकि आज की आयातित पॉलीअल की कीमतें स्वदेशी पॉलीअल की कीमतों से अधिक हैं। विश्वभर में पॉलीअल विनिर्माताओं ने पॉलीयूरेथेन फोम उद्योग के लिए पर्याप्त तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई। विनिर्माण में होने वाली कठिनाइयों के मामले में कच्चे माल के विनिर्माताओं के पास उपलब्ध सूचना और अनुभव का वे उपयोग कर सकते थे। प्रायः उच्च अर्हता प्राप्त तकनीकी प्रतिनिधि उनकी कठिनाइयों के बारे में पथ प्रदर्शन के लिए उनके उत्पादन यूनिटों में जाते थे। ऐसी कोई तकनीकी सहायता घरेलू विनिर्माताओं से उपलब्ध नहीं थी और न ही उनके पास अनुसंधान एवं विकास की पर्याप्त सुविधाएं थीं जिससे उत्पाद का सही-सही मूल्यांकन किया जा सके अथवा परीक्षण उत्पादन भी किया जा सके।

9. घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादन क्षमता के दिए गए आंकड़े गलत और भ्रामक प्रतीत होते हैं। यह संभवतः सभी प्रकार के पॉलीअलों के लिए है न कि अकेले एफ एस पी के लिए। वर्तमान क्षमता, भारतीय बाजार में वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह से अपर्याप्त है।

10. स्वदेशी पॉलीअल की उच्चतर कीमत का कारण उनके कच्चे माल अर्थात् प्रोपीलीन की ऊंची कीमत का होना है जो कि सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों का एकाधिकार है। घरेलू उत्पादक, पत्तनों पर सुविधाओं को सृजित करके अंतर्राष्ट्रीय विनिर्माताओं से सस्ता कच्चा माल खरीदने के लिए अपनी योजना बनाने में सफल नहीं हुए हैं।

11. विशिष्ट पॉलीअल घरेलू उत्पादकों के पास उपलब्ध नहीं होते।

12. घरेलू उत्पादकों की उत्पादन लागत यूनिटो के आकार के कारण अंतर्राष्ट्रीय उत्पादकों की अपेक्षा अधिक है।

13. पॉलीयूरेथेन उद्योग, उन रबरयुक्त क्वायर विनिर्माताओं और बहुत से लघु रबर फोम विनिर्माताओं से बहुत कड़ी प्रतियोगिता का सामना कर रहे हैं, जो कई राज्यों में उत्पाद शुल्क से छूट तथा बिक्री कर से छूट दोनों का लाभ ले रहे हैं। एफ एस पी पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण उद्योग के लिए हानिकर होगा।

14. वे आयात के बजाए स्थानीय निविष्टि के खपत की धारणा से पूर्णतया सहमत थे और आयात की कठिनाइयो से बचने के लिए कुछ धन भी देने के लिए तैयार थे। यह संभव था बशर्ते गुणता और आपूर्ति सुनिश्चित होती।

15. इसके अलावा कुछ प्रयोक्ताओं/आयोजकों ने निम्नलिखित अतिरिक्त मुद्दे उठाए हैं :—

(क) मैसर्स शीला फोम प्राइवेट लिमिटेड

(i) एक ओर पी पर रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से पी यू फोम उद्योग को गंभीर क्षति होगी क्योंकि इससे उत्पाद की लागत में वृद्धि होगी और एकाधिकारवाद की पद्धति बनेगी जोकि न केवल पी यू उद्योग के लिए हानिकारक होगी बल्कि एम पी एल/एस ओ आर एल के लिए भी हानिकर होगी।

(ii) भारत में पी यू फोम की खपत, अन्य उत्पादों जैसे क्वायर फोम और रबर फोम की तुलना में बहुत कम थी क्योंकि पी यू फोम पर लगाए जाने वाले उच्च और शुल्क चीन जैसे राष्ट्रों की तुलना में अधिक थे, भारत में प्रतिव्यक्ति आधार पर पी यू फोम की केवल 1.20वें स्तर की खपत होती है।

(iii) पी यू फोम का बिक्री मूल्य लागत मूल्य से कम था। अन्य किसी उपभोक्ता वस्तुओं की तरह पी यू फोम की कीमतों और उसके उत्पादों में विगत वर्षों में गिरावट आई है।

(iv) वर्ष 1998-99 के बजट में क्वायर फोम पर 5 प्रतिशत केन्द्रीय उत्पाद शुल्क लगाया गया था जिसे थोड़े समय के बाद वापस ले लिया गया।

(v) चूंकि प्रोपीलीन की कीमतें 24000 रु. पी एम टी से कम होकर 15000 रु. पी एम टी हो गई हैं इसलिए किसी प्रकार के रक्षोपाय शुल्क की आवश्यकता नहीं हैं, आयात पर 4 प्रतिशत एस ए डी लगाया गया है और अमरीकी डालर की विनिमय दर 37 रु. प्रति अमरीकी डालर से बढ़कर 43 रु. प्रति अमरीकी डालर हो गयी है।

(vi) यह उनके हित में है कि स्थानीय आपूर्तिकर्ता उपलब्ध हों क्योंकि आयात संबंधी कठिनाइयां और मुद्रा में उतार-चढ़ाव काफी कम होता है। एम पी एल/एस ओ आर एल से एफ एस पी की आपूर्ति की कोई गारंटी नहीं हैं और उन्हें भी आयात जारी रखना पड़ेगा।

(vii) स्थानीय एफ एस पी का संसाधन, मानक आयातित एफ एस पी की तुलना में एक कठिन कार्य था।

(ख) मैसर्स जी. जे. फोम

(i) घरेलू एफ एस पी और आयातित एफ एस पी की गुणता में अंतर है।

(ii) भिन्न-भिन्न गुणता का फोम स्वदेशी एफ एस पी के भिन्न-भिन्न बैचों से उत्पादित होता है। स्वदेशी एफ एस पी की गुणता संगत नहीं हैं।

(iii) उन्होंने स्वदेशी एफ एस पी के संसाधन में कठिनाई महसूस की और यह कठिनाई अपेक्षाकृत बड़े संयंत्रों में अधिक महसूस की गई।

(iv) पी यू फोम आयात योग्य है किन्तु वस्तुत: आयात नहीं किया गया।

(v) अब प्रोपीलीन की कीमतें नीचे गिर गई हैं।

(ग) मैसर्स यू फोम प्राइवेट लिमिटेड :

(i) उन्हें यू बी पेट्रो द्वारा आपूर्ति पॉलीअल की खराब गुणता के कारण अपरिगणनीय हानि उठानी पड़ी है और उनका आंतरिक स्क्रीन तथा उत्प्रेरक के अनियमित संतुलन पर कोई नियंत्रण नहीं था जो कि सामान्यत: किसी मानक पॉलीअल आपूर्तिकर्ता को उपलब्ध होता है।

(ii) एम पी एल/एस ओ आर एल के पास बाजारें की बहुत बड़ी राशि बकाया है और वह भी कुछ परस्पर संबंधित कंपनियों से जिन्होंने काफी बड़ी रकम के बकाया रहते चलाने का प्रबंध किया है और उन्हें फिर भी आपूर्ति की जा रही है तथा आपूर्ति पर विशेष क्रेडिट सुविधाएं हैं।

(iii) अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से पॉलीअलों का आयात जारी रहना चाहिए और स्थानीय कंपनियों को बेहतर दक्षता एवं रोकड़ प्रबंधन के साथ प्रतियोगिता करनी होगी तथा उद्योग पर अतिरिक्त सेवी का बोझ नहीं डालना होगा।

(घ) मैसर्स गिरूपति फोम लिमिटेड

(i) कच्चे माल की कीमत में वृद्धि होने से, तैयार उत्पाद की कीमतें प्रभावित होंगी और पी यू फोम, इस तरह के उत्पादों के लिए पी यू फोम पर लगाए जाने वाले अधिक शुल्क और कर के कारण अप्रतियोगी हो जाएगा।

(ii) गत 4-5 वर्षों के दौरान फोम उद्योग में पर्याप्त वृद्धि हुई है। कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि इस उद्योग की वृद्धि के लिए नुकसानदेह होगी।

(iii) उन्होंने एम पी एल/एस ओ आर एल से अपनी आवश्यकता का 90 प्रतिशत एफ एस पी खरीदा। उन्होंने पॉलीअल की गुणता में बैच-दर-बैच अन्तर अनुभव किया जिससे मशीन का लगातार उत्पादन प्रभावित होता है।

(iv) शुल्क में कमी के कारण आयात में वृद्धि हुई है।

(v) एम पी एल/एस ओ आर एल पहले से ही अनेक लाभ ले रहे हैं जैसे कच्चे माल की प्रतियोगी कीमतें, बढ़ी हुई शुल्क सुरक्षा आदि।

(ङ) मैसर्स भारत फोम उद्योग प्राइवेट लिमिटेड :

(i) पी यू उद्योग को कच्चे माल पर शुल्क लगाए जाने के अधीन नहीं रखा जाना चाहिए।

(च) मैसर्स एम एच पॉलीमर्स :

(i) पी यू फोम, लघु उद्योग क्षेत्र के लिए आरक्षित है और कीमतों में वृद्धि नहीं की जा सकती।

(ii) लघु उद्योग छूट, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम के अंतर्गत पी यू फोम पर लागू नहीं होती।

(iii) उन्हें स्थानीय पॉलीअल के संसाधन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना होता है क्योंकि गुणता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं थी।

(vi) रक्षोपाय शुल्क लगाने से पी यू फोम की लागत में वृद्धि होगी और अप्रतियोगी हो जाने के कारण उन्हें उत्पादन में कटौती करने को विवश होना पड़ेगा जिसका परिणाम बेरोजगारी और सरकार को राजस्व की हानि होगी।

(v) दोनों आवेदक एक ही प्रबंधन के अंतर्गत हैं और एकाधिकार प्राप्त उत्पादक हैं।

(छ) मैसर्स जैन एण्ड जैना फोम्स प्राइवेट लिमिटेड :

(i) 1991 से पूर्व, जब एम पी एल और यू बी पेट्रो ने पॉलीअलों का विनिर्माण शुरू किया था, वे पॉलीअलों का आयात कर रहे थे। 1991 के बाद उन्होंने दोनों कंपनियों से प्रतियोगी कीमतों पर माल खरीदना शुरू किया क्योंकि दोनों ने भिन्न-भिन्न प्रबंधन के अंतर्गत होने के कारण आकर्षक स्कीमों का ऑफर दिया अर्थात् मात्रा में छूट, नकद छूट, वार्षिक लक्ष्य में छूट और नब्बे दिनों के लिए क्रेडिट सुविधा। यह प्रथा दोनों कंपनियो द्वारा आपूर्त घटिया गुणता वाले माल के बावजूद 1995-96 तक जारी रही।

(ii) एम पी एल और एस ओ आर एल हेट्रो पॉलीअलों की आपूर्ति करने में समर्थ नहीं है और उनकी यह दलील कि वे ऐसे ग्राहकों को हेट्रोपॉलीअल की आपूर्ति करते हैं जो उसकी लगातार आपूर्ति चाहते हैं, गलत हैं।

(iii) स्वदेशी उद्योग को आयात शुल्क की उच्च दरों के कारण ही सक्षम बनाया गया।

(iv) एम पी एल द्वारा यू बी पेट्रो की खरीद के बाद उन्होंने एकाधिकारवादी प्रवृत्ति के कारण नीतिगत निदेश देना शुरू कर दिया, सभी लाभों और बिक्री संवधर्न स्कीमों को परिवर्तित कर दिया/वापस ले लिया। आयात केवल गत डेढ़ वर्ष से शुरू हुआ।

(ज) पॉलीयूरेथेन एसोसिएशन आफ इंडिया :

(i) पॉलीयूरेथेन एसोसिएशन आफ इंडिया (पी यू ए आई), पॉलीयूरेथन उद्योगों के विभिन्न हितों की देखभाल करने के लिए एक पंजीकृत सोसाइटी है। भारत में पॉलीयूरेथेन उत्पादन ने पर्याप्त प्रगति की है और वर्तमान उत्पादन 50000 एम टी प्रति वर्ष से अधिक है।

(ii) भारत में पी यू/स्लैबस्टॉक फोम, भारत सरकार द्वारा लघु उद्योग क्षेत्र के लिए आरक्षित है। तथापि, सामान्य छूट सं. (1) (लघु उद्योग छूट), उत्पाद शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रयोज्य नहीं है।

(iii) स्लैब स्टॉक-उद्योग-उत्पादन स्तर, 1985 से 1992 तक 9,000 से 10,000 एम टी प्रति वर्ष के स्तरों पर वस्तुत: ठहर गया था।

(iv) पी यू फोम, बाजार के बड़े खण्ड (सेगमेंट) में कपास (कॉटन), रबर और रबर युक्त क्वायर से प्रतियोगिता करता है।

(v) पी यू फोम को लग्जरी आइटम के रूप में वर्गीकृत किया गया था और कच्चे माल एवं फोम दोनों को बहुत भारी शुल्क के अधीन रखा गया था।

(vi) गद्दे (मैट्रेसेज) और तकिए (पिलो) में पी यू फोम का प्रयोग होने से दुर्लभ कपास (काटन) को निर्यात क्षेत्र के लिए छोड़ दिया गया।

(vii) रबरयुक्त क्वायर फोम जैसे उत्पादों पर उत्पाद शुल्क से पूर्णत: छूट प्राप्त है और पी यू उद्योग को इन उत्पादों के मुकाबले विषम प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है।

(viii) उद्योग के अंदर तथा स्थानापन्न उत्पादों में भी कड़ी प्रतिस्पर्द्धा है और वृद्धि कायम रखने के लिए पी यू फोम के मूल्य बरकरार रखने की तत्काल आवश्यकता है।

(ix) रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण इस उद्योग के लिए हानिकार होगा और इससे देश में एकाधिकार उत्पादक को ही मदद मिलेगी जो आबद्ध बाजार का शोषण करेंगे।

(x) आवेदक, घरेलू उद्योग के लिए गंभीर क्षति सिद्ध करने में असफल रहे हैं।

(xi) आवेदक पहले से ही 35 प्रतिशत सीमाशुल्क लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

(xii) आवेदनोपरांत गतिविधियां

क. प्रोपीलीन मूल्य में कमी

ख. 4 प्रतिशत विशेष अतिरिक्त शुल्क का अधिरोपण

ग. भारतीय रुपए के मुकाबले में अमरीकी डालर में 18 प्रतिशत तक मूल्य वृद्धि से आवेदकों को प्रतिस्पर्द्धा का अतिरिक्त अवसर मिला है और इससे शुल्क के अधिरोपण के लिए उनका मामला और कमजोर हो गया है।

(iv) निर्यातकों/निर्यातक देशों के विचार

एफ एस पी के निर्यातकों ने निम्नलिखित मुख्य: मुद्दे उठाए हैं :—

(क) मैसर्स शील्ड एयर (एस) प्रा. लि., सिंगापुर

1. कार्यवाही में वह एक इच्छुक पक्षकार थी।

2. वह इन्स्टापेक केमिकल बी का उत्पादन और भारत को निर्यात कर रही थी जिसकी एच एस टैरिफ श्रेणी घरेलू उत्पादकों द्वारा उत्पादित स्लैबस्टॉक पॉलीअल के समान थी किन्तु वह न तो एफ एस पी जैसी है और न ही सीधी उसकी प्रतिस्पर्द्धा में है।

3. यद्यपि दोनों ही पदार्थों में पॉलीअल है फिर भी इन्स्टापेक केमिकल बी निम्नलिखित रूप में एफ एस पी से भिन्न है :—

(i) पॉलीअल का भिन्न अणुभार

(ii) भिन्न रसायन योगज

(iii) इन्स्टापेक केमिकल ए के साथ अद्वितीय अभिक्रिया

4. इन्स्टापेक केमिकल बी और एफ एस पी प्रत्यक्षत: प्रतियोगी वस्तुएं नहीं हैं, क्योंकि इसका अंत्य उपयोगी अद्वितीय है। इसका उपयोग रक्षा इलेक्ट्रानिक्स, एवयानिक्स, कम्प्यूटर पेरीफेरल, विमान कल-पुर्जे आदि जैसी वस्तुओं की पैकिंग के लिए सुरक्षात्मक फोम इन-हाउस के उत्पादन के लिए किया जाता है न कि मैट्रेसेज अथवा फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक के लिए।

5. भारत के लिए इन्स्टापेक केमीकल बी के निर्यात और एफ एस पी के भारतीय उत्पादकों के लिए गंभीर क्षति अथवा उसके खतरे के बीच कोई कारण-संबंध नहीं हैं।

6. भारत के लिए निर्यातित इन्स्टापेक केमीकल बी को रक्षोपाय के क्षेत्र से बाहर कर देना चाहिए।

(ख) आसही ग्लास कं. लि., सिंगापुर

1. एफ एस पी के सी आई एफ मूल्य इस प्रकार हैं :—

वर्ष	मात्रा (एम टी)	सी आई एफ (डालर प्रति एम टी)
1995	151	1474
1996	302	1307
1997	1192	1141

2. आयात शुल्क में वृद्धि अथवा रक्षोपाय शुल्क के कार्यान्वयन से घरेलू उत्पादकों को मदद नहीं मिलेगी जिसके निम्नलिखित कारण हैं :—

(i) घरेलू उत्पादकों की स्थापित क्षमता और वास्तविक उत्पादन बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

(ii) स्थापित क्षमता और वास्तविक उत्पादन प्रचालन के आर्थिक स्तर के लिए पर्याप्त नहीं है जिसके फलस्वरूप प्रचलन लागत ऊंची है।

(iii) गुणता और आपूर्ति में असंगति।

(iv) विदेशी आपूर्तिकताओं के मुकाबले में ग्राहकों के लिए बेहतर ऋण शर्तें/सुविधाएं प्रदान करने में असमर्थता।

(ग) शेल कंपनीज, सिंगापुर

1. उनकी क्षमता 78000 एम टी प्रतिवर्ष है। वह सभी एशिया प्रशान्त देशों और मध्य पूर्व, अफ्रीका, यूरोप और अमेरिका के बाजारों में आपूर्ति करते हैं। भारत में 1997 में उनकी बिक्री एफ एस पी संयंत्र की कुल क्षमता का मात्र 2.7 प्रतिशत थी अर्थात् उन्होंने भारत के लिए मात्र 2100 एम टी एफ एस पी का निर्यात किया।

2. भारत में 13500 एम टी की क्षमता की तुलना में कुल 25000 एम टी पॉलीअल की खपत हुई। अत: घरेलू मांग घरेलू आपूर्ति से अधिक होने के कारण एफ एस पी का आयात आवश्यक हो गया।

3. उनके द्वारा प्रस्तावित ब्याज दरें और ऋण अवधि सामान्यत: यू एस प्राइम दरों के अनुसार और 90 दिन के ऋण आधर पर थी।

4. स्थानीय मूल्य स्तर और शर्तों के संगत मूल्यों पर अपने उत्पाद ग्राहकों को प्रदान करना उनकी बिक्री नीति थी। शेल इंडिया प्रा. लि. एक पंजीकृत भारतीय कंपनी है जो शेल को केवल विपणन सहायता प्रदान करती है। यह आरोप कि शेल भारत में बिक्री के लिए निराशोन्मत थी और भारत में मूल्यों में भारी कमी प्रारंभ कर दी, गलत था।

5. शेल से उनका एफ एस पी का आयात भारतीय एफ एस पी बाजार का एक छोटा हिस्सा मात्र है जो खपत में वृद्धि के साथ बढ़ रहा है।

6. भारत में आयात शुल्क सर्वाधिक था। अन्य देशों के स्थानीय उत्पादक जहां आयात शुल्क काफी कम है, भारी मात्रा में एफ एस पी के आयात के बावजूद अपने आपको बनाए रख सके। भारत में एफ एस पी की प्रति व्यक्ति खपत न्यूनतम है और ऊंची आयात शुल्क से खपत बढ़ने में कोई सहायता नहीं मिली।

7. 1997 में भारतीय रुपए की तुलना में अमरीकी डालर में 12 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि के कारण शुल्क में कमी के बावजूद आयात अपेक्षाकृत मंहगा हो गया है।

8. एम पी एल और एस ओ आर एल में पॉलीअल की कुल क्षमता 13500 एम टी प्रतिवर्ष है। 80 प्रतिशत के स्तर पर उत्पादन 10,800 एम टी प्रतिवर्ष है। पॉलीअल की अखिल भारतीय मांग लगभग 33000 एम टी प्रतिवर्ष है जिसमें से एफ एस पी की मांग 12,000 एम टी प्रतिवर्ष है। यह स्पष्ट है कि पॉलीअल का आयात घरेलू उत्पादन में कमी के कारण आवश्यक हुआ।

9. भारत में पॉलीअल की घरेलू खपत औसतन 1 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ रही है। एम पी एल/एस ओ आर एल के पास अनुसंधान एवं विकास में 30 व्यक्ति हैं जो पी यू व्यवस्था और अन्य पॉलीअल ग्रेडों के विकास के लिए जापान की मित्सुई और अनेक अन्य कंपनियों के साथ कार्य कर रहे हैं और इस प्रक्रिया में फलैक्सिबल स्लैब/फोम व्यवसाय की उपेक्षा हुई।

10. एम पी एल/एस ओ आर एल ने हेट्रो- पॉलीअल के रूप में मात्र 35 प्रतिशत एफ एस पी की आपूर्ति की है। उनकी ओर से यह आपूर्ति निरुद्ध है और वे बाजार मांग पूरी नहीं कर सकते हैं। शेल केमिकल्स ने हेट्रोपॉलीअल की ही आपूर्ति की है।

11. शेल से आपूर्ति 1996 के मध्य से ही प्रारंभ हुई थी और उन्होंने पॉलीअल के हेट्रो ग्रेड की ही बिक्री की जो फलैक्सिबल स्लैब स्टॉक फोम के उत्पादन में ही प्रयुक्त होता है।

12. एम पी एल और एस ओ आर एल एक ही व्यवसाय समूह के हिस्से हैं। रक्षोपाय शुल्क की वसूली एम आर टी पी अधिनियम, 1969 के विपरीत होगी क्योंकि यह एकाधिकारवाद को प्रोत्साहन देने के बराबर होगा और तब वह बाजार में अपनी प्रबल स्थिति का दोहन करेगा जिससे ग्राहक को हानि होगी और उसे उत्पाद के लिए काफी ऊंची कीमत देनी होगी।

13. एम पी एल और एस ओ आर एल अल्प सूचना पर माल की आपूर्ति कर सकती है जबकि आयात के मामले में सिंगापुर जैसे काफी नजदीक आयात स्त्रोत से भी बिक्री पूर्ण होने में 45 से 60 दिन का समय लगता है।

14. एफ एस पी पर रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से अन्य स्थानापन्न उत्पादों से प्रतिस्पर्द्धा करने में अपनी समस्याओं के कारण फोम विभिन्न उत्पादक दयनीय स्थिति में पहुंच जाएंगे।

15. किसी शुल्क का अधिरोपण फोम उत्पादकों को वहन करना होगा तथा एम पी एल/एस ओ आर एल फोम उत्पादकों के लिए अपनी पूर्ण क्षमता की बिक्री पूर्णत: एकतरफा शर्तों पर करेंगे।

16. एम पी एल/एस ओ आर एल ने स्वीकार किया है कि मूल्य में अधिक कमी को रोकने और स्थिर करने और दूसरे शब्दों में प्रतिस्पर्द्धा को रोकने और एकाधिकार के लिए यू बी पेट्रोकेमीकल्स (एस ओ आर एल के रूप में पुन: नामित) का अधिग्रहण किया था।

17. रक्षोपाय शुल्क प्रावधान अनुचित लागत प्रबंधन के लिए सुरक्षा नहीं है।

18. जहां तक प्रोपीलीन की उपलब्धता का संबंध है, एम पी एल/एस ओ आर एल अपने को प्रतियोगी बनाने के लिए संविदात्मक कच्चे माल की व्यवस्था सुनिश्चित करने में असफल रहे हैं।

19. ऐसा प्रतीत होता है कि एम पी एल/एस ओ आर एल की अब भी अपनी विद्यमान इकाईयों के विस्तार की कोई योजना नहीं है और 1500 प्रोपीलीन का आयात उनके लिए अत्यधिक था। प्रतियोगी शर्तों पर भारी मात्रा में प्रोपीलीन के आयात की उनकी योजना व्यावहारिक प्रतीत नहीं होती क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह मात्रा आपूर्ति के लिए काफी कम समझी जाती है। उन्हें प्रोपीलिन के आयात के लिए प्रयास करने के बजाए एम आर एल के साथ आपूर्ति संबंधी अपने मुद्दे का समाधान करना चाहिए।

20. ज्ञात हुआ है कि इस समस्या का अब समाधान कर लिया गया है और एम पी एल/एस ओ आर एल को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगी मूल्यों पर एम आर एल से अपनी प्रोपीलिन आवश्यकता का काफी बड़ा हिस्सा प्राप्त होगा। इस तरह रक्षोपाय शुल्क के लिए उनके अनुरोध में उल्लिखित मुख्य कारण समाप्त हो गया है।

21. अक्तूबर, 1997 से आयात शुल्क में लगभग 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और भारतीय रुपए के मूल्य में 19 प्रतिशत की निवल गिरावट आई है जिससे एम पी एल/एस ओ आर एल द्वारा उल्लिखित अवधि की तुलना में आयात लगभग 30 प्रतिशत मंहगा हुआ है। इस तरह रक्षोपाय शुल्क के माध्यम से मांगी गई क्षतिपूर्ति अब मान्य नहीं है।

22. भारत में एम पी एल/एस ओ आर एल के लिए प्रदत्त सुरक्षा एशिया प्रशान्त क्षेत्र में किसी अन्य को प्रदत्त सुरक्षा से काफी अधिक है।

23. एम पी एल/एस ओ आर एल द्वारा दो भिन्न रक्षोपाय शुल्क की मांग डब्ल्यू टी ओ करार के प्रावधानों, कस्टम टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 8ख और रक्षोपाय शुल्क नियमावली, 1997 के प्रावधानों के विपरीत है। इन नियमों में बिना किसी भेदभाव के एक समान रक्षोपाय शुल्क की व्यवस्था है। रक्षोपाय शुल्क का आशय शेयर धारकों के लिए गारंटीशुदा प्रतिफल नहीं है।

24. रक्षोपाय शुल्क की वसूली से कोई सार्वजनिक हित पूरा नहीं होगा जोकि रक्षोपाय संबंधी डब्ल्यू टी ओ करार के तहत एक अनिवार्य अपेक्षा है।

25. शेल द्वारा आपूर्त सभी पॉलीअल ब्याज मुक्त ऋण पर थी। प्रत्येक मामले में ब्याज जारी यू एस प्रायम दर (आर बी आई विनियमों के अनुसार) पर था जो औसतन लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष है। ऋण लदान-पत्र की तारीख अर्थात् लदान पत्तन से माल चलने की तारीख से प्रारंभ होता है। तथापि, सस्ते ऋण का यह आभास निम्नलिखित दो कारणों से भ्रामक है जैसा कि एम पी एल/एस ओ आर एल द्वारा विरोध किया गया है :

(क) माल के सी आई एफ मूल्य (सीमा शुल्क जमा सी बी डी) के लगभग 65 प्रतिशत का भुगतान सीमाशुल्क के भुगतान के समय किया जाता है। हमारे माल के मामले में यह शिपमेंट के 15 दिनों के अंदर है।

(ख) आपूर्तिकर्ता के लिए सी आई एफ के भुगतान हेतु आयातक के लिए विनिमय दर जोखिम सदैव रहता है अर्थात् जब सी आई एफ का भुगतान देय होता है रुपए/डालर की दर परिवर्तित हो सकती है। आयातक या तो जोखिम उठाएं अथवा बैंकों से "फारवार्ड कवर" लें। लागत भिन्न-भिन्न होती है किन्तु 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज का अर्थ है कि सी आई एफ अंश के लिए ऋण की निवल लागत लगभग 16 प्रतिशत है।

शेल केमीकल्स के निर्यात साख पत्र के बिल्कुल विपरीत है जिसकी स्वयं की संसाधन लागत है तथा एल/सी के प्रारंभ के समय लाभ राशि (जो सी आई एफ मूल्य के 25 और 100 प्रतिशत के बीच रहती है) अवरुद्ध हो जाती है। संशोधन के लिए समय देने और आपूर्ति लीड समय देने से यह लाभ राशि औसतन 45 दिन के लिए अवरुद्ध हो जाती है। अत: यह कहना जरूरी नहीं है कि ग्राहकों के लिए यह एक अतिरिक्त कार्यशील पूंजी भार है।

26. एम पी एल/एस ओ आर एल की समस्याएँ स्थायी स्वरूप की हैं क्योंकि उनका आकार गैर-किफायती है।

(घ) डॉव केमीकल पैसीफिक (सिंगापुर) प्रा. लि.

1. उनका भारत में एक ही एजेंट है अर्थात् डॉव केमीकल इंटरनेशनल लि., मुम्बई तथा भारत में एफ एस पी की बिक्री के लिए कोई अतिरिक्त एजेंट, उप-एजेंट अथवा वितरकों की नियुक्ति नहीं की गई है।

2. एम पी एल और एस ओ आर एल एक ही समूह के स्वामित्व में हैं जो एफ एस पी का एकमात्र घरेलू आपूर्तिकर्ता है। उनका एकाधिकार है जिससे वे प्रयोक्ताओं की कीमत पर बाजार में अपनी शर्तें थोपते हैं और जोड़-तोड़ करते हैं। एफ एस पी की बिक्री में कमी जैसा कि एम पी एल/एस ओ आर एल ने दावा किया है, आयातित पॉलीअल से अनुचित प्रतिस्पर्द्धा का परिणाम नहीं है अपितु उनके उत्पाद बाजार प्रबंधन पद्धति एवं गैर-प्रतियोगी विनिर्माण क्षमता का परिणाम है।

3. प्रोपीलीन आक्साइड (पी ओ) अथवा एथिलीन आक्साइड (ई ओ) के साथ उसके संयोजन के प्रयोग के आधार पर विभिन्न अणुभार के पॉलीअल के विनिर्माण के अलावा एफ एस पी में भी होमो पॉलीअल (केवल पी ओ) अथवा हेट्रो पॉलीअल (ई ओ/पी ओ का संयोजन) का निर्माण संभव है। यह नोट करना उचित होगा कि आयात किया जा रहा अधिकांश पॉलीअल हेट्रोपॉलीअल है जबकि एम पीएल/एसओ आर एल द्वारा उत्पादित पॉलीअल होमोपॉलीअल है। फ्लैक्सिबल स्लैब स्टॉक फोम उत्पादक सामान्यत: हेट्रो-पॉलीअल को प्राथमिकता देते हैं क्योंकि यह होमो-पॉलीअल की तुलना में बेहतर मशीन संसाधनीयता इष्टतम उत्प्रेरक अपेक्षाएं प्रदान करता है। उनकी बिक्री का 95 प्रतिशत हेट्रो-पॉलीअल का है।

4. 1994-95 के लिए एम पी एल के मामले में एफ एस पी की बिक्री 4518 एम टी और एस ओ आर एल के मामले में 4072 एम टी दर्शाई गई है जो तथ्यात्मक रूप से गलत है और पॉलीएयर पॉलीअल की कुल बिक्री दर्शाती है। वर्ष 1994-95 के लिए एफ एस पी की वास्तविक बिक्री एम पी एल के मामले में 3328 एम टी और एस ओ आर एल के मामले में 2609 एम टी है जैसा कि संक्षिप्त विवरण में उल्लेख किया गया है।

5. शुल्क में 1994-95 में 65 प्रतिशत से कमी करके 1996-97 में 32 प्रतिशत करने से आयातित हेट्रोपॉलीअल और अधिक वहनीय हो जाएगा। आयात में कोई भारी वृद्धि नहीं हुई है बल्कि स्थानीय मांग में वृद्धि के आधार पर आयात में धीरे-धीरे वृद्धि हुई है जो 10 प्रतिशत से 12 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है तथा एम पी एल/एस ओ आर एल द्वारा संवर्द्धित होमो पॉलीअल प्रौद्योगिकी की कीमत पर हेट्रोपॉलीअल प्रौद्योगिकी के लिए कुछ अंतरण भी है।

6. प्रमुख पॉलीअल उत्पादक अनुसंधान और विकास में निवेश करके उत्पाद निष्पादन में निरंतर सुधार करते हैं।

7. जुलाई—नवंबर 1997 के दौरान एम पी एल/एस ओ आर एल के पॉलीअल की बढ़ी हुई बिक्री यह दर्शाती है कि एम पी एल/एस ओ आर एल को रुपए के 10 प्रतिशत अवमूल्यन और आयात शुल्क में 3 प्रतिशत तक वृद्धि से पहले ही काफी लाभ हुआ है।

8. भारत में पॉलीअल की कुल मांग 25000 एम टी प्रतिवर्ष है जिसमें से फ्लैक्सिबल स्लैब स्टॉक फोम उत्पादकों अर्थात् एफ एस पी के लिए 11500 एम टी की आवश्यकता है। सभी पॉलीअलों के लिए 13500 एम टी की घरेलू क्षमता पर्याप्त नहीं है।

9. उन्होंने वर्ष 1997-98 (अप्रैल—अगस्त) के लिए 3850 एम टी आयात का अनुमान लगाया है जबकि आवेदकों ने 2514 एम टी का अनुमान लगाया था।

10. आयात शुल्क में कमी और आयात में वृद्धि से 1996-97 तक एम पी एल/एस ओ आर एल की एफ एस की बिक्री को प्रभावित नहीं किया।

11. भारतीय ग्राहकों को दी जा रही ब्याज दरें और ऋण अवधि ब्याज की यू एस प्राइम दर पर है। एफ एस पी के लिए डॉव द्वारा दी गई ऋण अवधि लदान-पत्र की तारीख से 90 दिन है जिसमें से 40-45 दिन पारगमन और निकासी में गुजर जाते हैं। घरेलू उत्पादक भी 30-45 दिन का ऋण देते हैं। इसके अतिरिक्त क्रेताओं के लिए पेश ऋण केवल सी आई एफ के लिए है और शुल्क एवं हैंडलिंग प्रभारों आदि जैस अन्य खर्चों के लिए नहीं है।

12. प्रतियोगी मूल्यों पर कच्चे माल की खरीद में निस्सहायता का दावा एम पी एल/एस ओ आर एल के लिए असंगत है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में आसानी से पहुंचा जा सकता है।

13. एम पी एल/एस ओ आर एल द्वारा स्थापित इकाईयां अंतर्राष्ट्रीय आकार के संयंत्रों का मुकाबला करने के लिए अत्यधिक छोटे हैं क्योंकि कच्चे माल की ऊंची लागत के साथ छोटी इकाईयों की उत्पादन लागत, विश्वस्तरीय सुविधाओं की तुलना में लगभग दो गुणा अधिक होती है।

14. आवेदकों द्वारा अनुबंध III में दिए गए क्षमता उपयोग संबंधी आंकड़े भ्रामक हैं ओर उनके प्रकाशित आंकड़ों से असंगत हैं। अत: सावधानी पूर्वक संवीक्षा की आवश्यकता है।

15. भारत में एफ एस पी की मूल्य निर्धारण प्रवृत्ति स्थायी रूप से प्रशांत क्षेत्र में लागू मूल्यों के बराबर अथवा अधिक रही है। अत: डंपिंग का आरोप निराधार है। इसके अतिरिक्त, पॉलीअल की आगत लागत घरेलू उत्पादित पॉलीअल से सामान्यत: अधिक रही है और ग्राहकों ने बेहतर उत्पाद और सेवाओं के लिए आयातित पॉलीअल के लिए प्रीमियम के भुगतान को प्राथमिकता दी है।

16. डॉव ने कुछ कानूनी अनुदेश भी प्रस्तुत किए हैं कि घरेलू उद्योग को कोई गंभीर क्षति नहीं हुई है। बढ़े हुए आयात और क्षति के बीच कोई कारण-संबंध नहीं है और रक्षोपाय शुल्क की वसूली से एकाधिकार को प्रोत्साहन मिलेगा।

17. अपने प्रत्युत्तर पेश करने के पश्चात् बहुत महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आवेदकों द्वारा एम आर एल को भुगतान किए गए प्रोपीलीन के मूल्य के संबंध में परिवर्तन हुआ है क्योंकि भारत सरकार ने रिफाइनरियों द्वारा बेचे गए अधिकांश पेट्रोलियम उत्पादकों के मूल्य विनियंत्रित कर दिए हैं तथा अमरीकी डालर की तुलना में रुपए में लगभग 18 प्रतिशत अवमूल्यन तथा वित्त (सं. 2) विधेयक, 1998 द्वारा 1-6-98 से विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क के अधिरोपण के कारण आयात में कमी हुई है। प्रोपीलीन के मूल्यों के बारे में आवेदकों और एम आर एल के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद का आवेदकों के कक्ष में समाधान कर लिया गया है।

18. उपर्युक्त परिवर्तनों के कारण आवेदकों द्वारा मांगी गई 569 अमरीकी डालर और 233 अमरीकी डालर की रक्षोपाय शुल्क के मुकाबले में उन्हें प्रति मी. टन एफ एस पी के लिए लगभग 497 अमरीकी डालर का लाभ हुआ है। ये सभी तीनों परिवर्तन आवेदकों द्वारा दिए गए आवेदनों के मूलाधार हैं। चूंकि सरकार द्वारा शुरू किए गए नीतिगत परिवर्तनों के कारण आवेदकों की सभी शिकायतों का पहले ही समाधान कर लिया गया है तथा वृहद आर्थिक कारकों के कारण भी आवेदन निष्फल हो गया है और उसे अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।

19. कोई भारी वृद्धि नहीं हुई है किंतु पिछले कुछ समय में आयात में धीरे-धीरे वृद्धि हुई है।

20. भारत में पॉलीअल पर आयात शुल्क की दर संपूर्ण एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सर्वाधिक है अत: आवेदकों को पहले से ही पर्याप्त शुल्क सुरक्षा प्राप्त है।

21. आवेदकों को अपने दावे के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने का निदेश दिया जाए कि उनके संयंत्र उनके द्वारा बताई गई क्षमता से काफी अधिक क्षमता के लिए डिजाइन किए गए हैं।

22. दो इकाईयों में नियोजित इक्विटी पूंजी की भिन्न-भिन्न राशियों के आधार पर दो भिन्न कानूनी सत्ताओं (एम पी एल एवं एम ओ आर एल) के लिए आवेदकों द्वारा रक्षोपाय शुल्क की दो भिन्न राशियों की मांग पूर्णत: गलत है और रक्षोपाय शुल्क नियमावली, 1997 के प्रावधानों के विपरीत है।

23. रक्षोपाय शुल्क नियमावली, 1997 में यह व्यवस्था है कि ये आपातकालीन उपाय हैं और इनका उपयोग असाधारण मामलों में किफायत से तभी किया जाएगा जब आयात में भारी वृद्धि के कारण गंभीर खतरा और अपूरणीय क्षति हो जिससे घरेलू उद्योग को समग्र क्षति पहुंचे। वर्तमान मामले में, ये आपातकालीन उपाय लागू करने के लिए रक्षोपाय शुल्क नियमावली में उल्लिखित तीनों पूर्वशर्तों में से एक भी पूरी नहीं होती है।

24. आवेदक बढ़े हुए आयात और आवेदकों के लिए तथाकथित क्षति के बीच किसी कारण-संबंध के बारे में वस्तुपरक प्रमाण देने में असफल रहे हैं।

25. दोनों ही आवेदक साझा स्वामित्व में हैं और प्रश्नगत उत्पाद के एकाधिकार उत्पादक हैं। यदि भारत सरकार रक्षोपाय शुल्क वसूल करती है तो यह एम आर टी पी अधिनियम,, 1969 के प्रावधानों तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 39 में प्रतिष्ठापित राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के विपरीत होगा क्योंकि इससे बाजार से प्रतिस्पर्धा समाप्त हो जाएगी।

26. आवेदकों द्वारा अमरीकी डालरों में मांगी गई रक्षोपाय शुल्क रक्षोपाय शुल्क नियमावली, 1997 के नियम 12 के साथ पठित धारा 8ख के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है तथा यह विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के भी विपरीत होगा।

(ङ) मैसर्स ए आर सी ओ केमिकल्स (सिंगापुर) प्रा. लि.

1. भारत के लिए पेश किए मूल्य एशिया क्षेत्र में पेश मूल्यों के अनुरूप हैं तथा भारत के लिए किसी विशेष मूल्य की पेशकश नहीं की जा रही है।

2. भारत में 35 प्रतिशत आयात शुल्क इस क्षेत्र में सर्वाधिक है।

3. भारत, इस क्षेत्र में न्यूनतम पी एस पी खपत वाले देशों में से है। आयातित एफ एस पी को समाहित करने के लिए भारतीय बाजार काफी बड़ा है और इसके विस्तार की काफी संभावनाएं हैं जिससे घरेलू उत्पादकों और आयातकों दोनों का लाभ होगा बशर्ते आयात कर अन्य देशों के आयात कर के समान हो।

4. ए आर सी ओ जैसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भारतीय बाजार को नवनीत उत्पाद और प्रौद्योगिकी प्रदान करेंगे बशर्ते आयात शुल्क अन्य देशों के आयात शुल्क के समान हो।

5. रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से भारतीय ग्राहकों के लिए उपलब्ध खरीद विकल्प कम होंगे क्योंकि ये आवेदक भारत में एकमात्र उत्पादक हैं।

6. इन आवेदकों को 40 प्रतिशत से अधिक का शुल्क का लाभ और अमरीकी डालर के मुकाबले रुपए का अवमूल्यन का लाभ पहले से ही मिल रहा है।

7. रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के सिद्धांत के विपरीत होगा अत: इसका अधिरोपण नहीं किया जाना चाहिए।

(च) बेयर ए जी

1. इनके द्वारा निर्यातित उत्पाद जांच के अधीन उत्पाद से बिल्कुल भिन्न है और जांच अवधि के दौरान उन्होंने जर्मनी से भारत के लिए एफ एस पी का निर्यात नहीं किया है।

(छ) जापानी दूतावास

रक्षोपाय आपवादिक परिस्थितियों के लिए एक आपातकालीन उपाय है जिसे सख्त आवश्यकता होने पर ही कार्यान्वित किया जा सकता है। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट हो जाता है कि विश्व व्यापार संगठन की स्थापना के समय से पिछले तीन वर्षों में विश्व व्यापार संगठन के सभी सदस्यों में मात्र 15 रक्षोपाय जांच शुरू की गई हैं। जापान उस स्थिति से बहुत चिन्तित है जिसमें भारत सरकार ने 5 महीनों में 5 रक्षोपाय जांच शुरू की हैं।

(V) महानिदेशक का निष्कर्ष

1. मैंने मामले के रिकार्डों तथा घरेलू उत्पादकों, प्रयोक्ताओं/आयातकों, निर्यातकों और निर्यातक सरकारों द्वारा दिए गए उत्तरों का सावधानीपूर्वक अवलोकन किया है। विभिन्न पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध तथा उनसे उत्पन्न मुद्दों पर निम्नलिखित निष्कर्षों में यथोचित स्थान पर विचार किया गया है।

2. जांच के अधीन उत्पाद

जांच के अधीन उत्पाद 3000-4000 अणुभार का फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीअल (एफ एस पी) है जिसका उपयोग स्लैबस्टॉक फोम और पॉलीयूरेथेन फोम मेट्रेसेज के विनिर्माण में किया जाता है।

एफ एस पी रासायनिक तौर पर पॉलीएथर, चिपचिपा रंगहीन द्रव है जिसका निर्माण तरल उत्प्रेरक का प्रयोग करके पॉलीहाइड्रिक अम्स (स्टार्टर्स) के प्रोपेक्सीलेशन इथोक्सीलेशन के जरिए किया जाता है। जब स्टार्टर के रूप में ग्लिसरीन जैसे ट्रिओल का प्रयोग किया जाता है और अणुभार 3000-4000 तक किया जाता है तो उसके परिणामस्वरूप स्लैबस्टॉक फ्लैक्सिबल ग्रेड का पॉलीअल उत्पाद पैदा होता है। फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीयूरेथेन फोम के उत्पादन के लिए फ्लैक्सिबल पॉलीअल की टालूइन डाई-आयसोसियानेट(टी डी आई) के साथ अभिक्रिया की जाती है। पॉलीयूरेथेन के निर्माण और फोम के गुणधर्म के नियंत्रण के लिए अभिक्रिया मिश्रण में अल्पमात्रा में उत्प्रेरक और सर्फैक्टेंट्स का प्रयोग किया जाता है। निम्नलिखित विभिन्न अनुप्रयोगों के उपयोग के लिए 10 एवं 40 कि.ग्रा./घन. मी. के बीच विभिन्न घनत्व की फोम का उत्पादन किया जाता है।

क. सीट कुशन

ख. पॉलीयूरेथेन बेडिंग

ग. निचली कार्पेट चद्दर

घ. वस्त्र

ङ विभिन्न आवरणों, आदि के लिए विविध अनुप्रयोग।

एफ एस पी का विनिर्माण होमोपॉलीअल और हेट्रोपॉलीअल के रूप में किया जाता है। पॉलीअल आधारित प्रोपीलिन आक्साइड (पी ओ) को होमोपॉलीअल तथा एथिलीन आक्साइड युक्त मिश्रण को हेट्रोपालोअल के तौर पर जाना जाता है। फोम उत्पादकों द्वारा होमोपॉलीअल और हेट्रोपॉलीअल दोनों का बारीबारी से उपयोग किया जाता है।

कुछ पक्षकारों ने यह दावा किया है कि रेफिजरेटर और थर्मोवेयर इंसुलेशन, ढांचा अनुप्रयोग, स्प्रे आदि के लिए सख्त फोम, आटोमोटिव और मोटरसाइकिल सीट के लिए फ्लैक्सिबल मोल्डेड फोम तथा फुटवीयर के लिए इलास्टोमर्स के विनिर्माण में प्रयोग के लिए इन्टापेक केमीकल बी और पॉलीएथर पॉलीअल जैसे कुछ विशेष पॉलीअल न तो फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीअल जैसे हैं और न ही प्रत्यक्ष प्रतियोगी हैं। अणुभार प्रमुख भिन्न कारक हैं। तथापि वर्तमान जांच में 3000 ओर 4000 के बीच अणुभार के फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीअल ही शामिल हैं अन्य नहीं। अत: विशेष पॉलीअल इस जांच में शामिल नहीं हैं। पहचान में आसानी के लिए कुछ ज्ञात निर्माताओं/निर्यातकों के प्रतियोगी उत्पादों की सूची नीचे दी गई है:—

निर्माता	ग्रेड	
एम पी एल	ईएमपीईवाईओएल	एफ 3000/3002
एस ओ आर एल	एस ओ आर एल	एफ 3000/3010
बेयर	डीईएसएमओपीएचईएन	7186 बी
डॉव	वीओआरओसीओएल	3010
ए आर सी ओ		5613/5603

उपर्युक्त सूची सांकेतिक मात्र है और किसी भी रूप में वर्तमान जांच के क्षेत्र पर नि:शेष अथवा बाध्यकर नहीं है।

एफ एस पी कस्टम टैरिफ अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची के उपशीर्ष सं. 3907.20 के तहत तथा संगत वस्तु विवरण पर आधारित भारतीय व्यापार वर्गीकरण के 39072000 के तहत वर्गीकृत है। उपर्युक्त वर्गीकरण केवल सुविधा के लिए दर्शाया गया है और किसी भी रूप में जांच के अधीन उत्पाद अर्थात् 3000-4000 के बीच अणुभार के फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलिअल के कवरेज के क्षेत्र को बाधित नहीं करता।

3. घरेलू उद्योग

मनाली पेट्रोकेमीकल्स लि., चेन्नई और स्पिक आर्गेनिक्स लि., चेन्नई द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं जो फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पालीअल के एकमात्र घरेलू उत्पादक हैं और जो फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलिअल के एकल घरेलू उत्पादन के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए यह समझा जाता है कि यह आवेदन घरेलू उद्योग द्वारा दिया गया है।

4. वर्दित आयात

भारत में जर्मनी, जापान, नीदरलैंड, सिंगापुर, थाईलैंड और सं. रा. अमेरीका से एफ एस पी का आयात किया जाता है। एफ एस पी पर 1994-95 में 65 प्रतिशत, 1995-96 में 40 प्रतिशत, 1996-97 और 1997-98 में सितम्बर तक 32 प्रतिशत और अक्तूबर, 1997 से 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगा। घरेलू उत्पादकों ने बताया है कि इस अवधि में एफ एस पी का आयात 1994-95 में 103 एम टी, 1995-96 में 502 एम टी, 1996-97 में 1020 एम टी और अप्रैल-अगस्त, 1997 में 2515 एम टी था।

आवेदकों ने दावा किया है कि आयात आंकड़े आंशिक डाटा मात्र हैं क्योंकि कांडला और आई सी डी, दिल्ली से किए गए आयात के डाटा सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है। इसलिए वास्तविक आयात अधिक हो सकता है। वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशक (डी जी सी आई एस) ने संख्या 39072000 के अंतर्गत "अन्य पॉलीएथर्स" के डाटा संकलित किए हैं जिसमें सभी पॉलीअल के आयात डाटा शामिल हैं। संख्या 39072000 के तहत डी जी सी आई एस के आयात डाटा 1994—95—3613 एम टी, 1995—96—5120 एम टी, 1996-97—7124 एम टी और 1997-98 (अप्रैल - अगस्त) 4998 एम टी है। शेल ने बताया है कि 1996-97 में उन्होंने भारत के लिए 2100 एम टी एफ एस पी का निर्यात किया है। डॉव ने अनुमान लगाया है कि भारत में कुल आयात 1994-95 में 1800 एम टी, 1995-96 में 2700 एम टी, 1996-97 में 3350 एम टी और अप्रैल-अगस्त, 1997 में 3850 एम टी था। डॉव का अनुमान अधिक विश्वसनीय प्रतीत होता है और इसलिए ये निष्कर्ष डॉव द्वारा उपलब्ध कराए गए आयात आंकड़ों पर आधारित है।

यथानुपात आधार पर आयात 1994-95 की तुलना में 1995-96 में 50 प्रतिशत, 1995-96 की तुलना में 1996-97 में 20 प्रतिशत और 1996-97 की तुलना में अप्रैल-अगस्त, 1997 में 175.8 प्रतिशत बढ़ा है। 1994-95 की तुलना में आयात यथानुपात आधार पर अप्रैल-अगस्त, 1997 में 413.3 प्रतिशत बढ़ा। इस दौरान एफ एस पी का घरेलू उत्पादन 1994-95 में 5762 एम टी, 1995-96 में 6831 एम टी, 1996-97 में 7050 एम टी तथा अप्रैल-अगस्त में 1122 एम टी था। तुलनात्मक संदर्भ में 1994-95, 1995-96, 1996-97 और 1997-98 (अप्रैल-अगस्त) में आयात घरेलू उत्पादन का 31.2 प्रतिशत, 39.5 प्रतिशत, 47.5 प्रतिशत और 343.1 प्रतिशत था। निम्नलिखित तालिका-1 में उपर्युक्त अवधि के दौरान घरेलू उत्पादन और आयात के समग्र और तुलनात्मक आंकड़े दिए गए हैं:—

तालिका - 1

वर्ष	घरेलू उत्पादन एम टी	आयात एम टी	घरेलू उत्पादन के प्रतिशत के रूप में आयात
1994-95	5762	1800	31.2
1995-96	6831	2700	39.5
1996-97	7050	3350	47.5
1997-98	1122	3850	343.1

अप्रैल - अगस्त

इस प्रकार कुल मिलाकर और घरेलू उत्पादन की तुलना में आयात बढ़ा है।

5. घरेलू मांग और आपूर्ति में अंतर

दावा किया गया है कि एफ एस पी का घरेलू बाजार 10.12 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और कि एफ एस पी की घरेलू मांग लगभग 11500 एम टी प्रतिवर्ष है और कि सख्त/मोल्डेड/अर्द्ध सख्त पॉलीअल की मांग 13500 एम टी है। इस तरह पॉलीअल की कुल मांग 25000 एम टी प्रतिवर्ष है जबकि घरेलू उत्पादक प्रति वर्ष लगभग 13500 एम टी की ही पूर्ति कर सकते हैं और इस तरह घरेलू उत्पादन और आपूर्ति में अंतर है जिसे घरेलू उत्पादक पूरा नहीं कर सकते। इस अंतर को पूरा करने के लिए आयात आवश्यक है।

इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि पिछले तीन वर्षों के दौरान एफ एस पी की प्रत्यक्ष घरेलू खपत (घरेलू बिक्री जमा आयात) 1994-95 में 7737 एम टी, 1995-96 में 9200 एम टी और 1996-97 में 10483 एम टी थी। 1997-98 (अप्रैल-अगस्त) में प्रत्यक्ष खपत 4507 एम टी थी जो यथानुपात आधार पर 1997-98 के लिए लगभग 10817 एम टी प्रतिवर्ष बनती है। 1994-95, 1995-96 और 1996-97 के दौरान घरेलू उत्पादन 5762 एम टी, 6831 एम टी और 7050 एम टी था। तथापि, 1997-98 (अप्रैल-अगस्त) में उत्पादन गिरकर 1122 एम टी हो गया।

घरेलू उत्पादकों ने अपने आवेदन में अपनी स्थापित क्षमता एम पी एल के लिए 6000 एम टी प्रतिवर्ष और एस ओ आर एल के लिए 7500 एम टी प्रतिवर्ष तथा कुल स्थापित क्षमता 13500 एम टी प्रतिवर्ष बताई है। इस स्थापित क्षमता के साथ घरेलू उत्पादकों के पास एफ एम पी की समग्र घरेलू मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता थी जो 1994-95 में 7737 एम टी से बढ़कर 1996-97 में लगभग 10483 एम टी और पूर्ण 1997-98 के लिए (यथानुपात आधार पर परिगणित) लगभग 10813 एम टी हो गई। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि घरेलू उत्पादकों ने यह बताया है कि वे पॉलीअल के सभी ग्रेडों का अर्थात् एफ एस पी, सख्त पॉलीअल आदि का उत्पादन करते है और सभी ग्रेडों के लिए उनका वर्तमान उत्पादन स्तर कुल मिलाकर लगभग 8000 एम टी में से लगभग 7000 एम टी एफ एस पी का उत्पादन हुआ। इसलिए अन्य पॉलीअल का उत्पादन लगभग 1000 एम टी अथवा कुल पॉलीअल उत्पादन का लगभग 12.5 प्रतिशत है। इस तरह

घरेलू क्षमता के एक बड़े भाग का उपयोग एफ एस पी के उत्पादन के लिए किया जा रहा है। इसलिए 13500 एम टी प्रतिवर्ष की क्षमता में से एफ एस पी की लगभग 11500 एम टी की अनुमानित मांग ही पूरी कर सकते हैं।

तथापि घरेलू उत्पादकों ने दावा किया है कि उनकी संयुक्त क्षमता 18000 एम टी प्रतिवर्ष अर्थात् एम पी एल के लिए 10000 एम टी प्रतिवर्ष और एस ओ आर एल के लिए 8000 एम टी प्रतिवर्ष है। कुछ पक्षकारों ने घरेलू उत्पादकों के इस दावे को चुनौती दी है और उन्होंने इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाणों की जांच का अनुरोध किया है। घरेलू उत्पादकों ने स्पष्ट किया है कि जब 1989-90 में इस संयंत्र का निर्माण किया गया था, एम पी एल को 7500 एम टी प्रतिवर्ष उत्पादन के लिए डिजाइन किया गया था। यद्यपि इसकी लाइसेंसशुदा क्षमता 6000 एम टी प्रतिवर्ष थी। गोपनीय आधार पर उन्होंने इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं। एम पी एल संयंत्र ने गारंटी चक्र के दौरान 136 प्रतिशत अर्थात् 7500 एम टी प्रतिवर्ष उत्पादन दर्ज किया था उन्होंने आगे बताया है कि प्रथम वर्ष के प्रचालन के पश्चात् खामियों को दूर करके उन्होंने संयंत्र की क्षमता बढ़ा दी है और संयंत्र की आन-स्ट्रीम कुशलता यह दर्शाती है कि एम पी एल संयंत्र की क्षमता लगभग 10000 एम टी प्रतिवर्ष और एस ओ आर एल की क्षमता 8500 एम टी प्रतिवर्ष है। उन्होंने अनुमान लगाया है कि अगले दो वर्षों में रिजिड सिस्टम और कोल्ड क्योर सिस्टम में उनका हिस्सा 4000 एम टी से अधिक होने की उम्मीद नहीं है इससे उन्हें एफ एस पी की मांग को पूरी करने के लिए आसान उत्पादन स्तर मिलेगा। घरेलू उत्पादकों ने यह भी उल्लेख किया है कि डिजाइन और गारंटी निष्पादन परीक्षण में यथा प्रमाणित पी ओ संयंत्र की क्षमता प्रत्येक 15000 एम टी प्रतिवर्ष है। बॉयलर, कूलिंग टावर, कच्चा और तैयार उत्पाद भंडारण, अपजल शोधन संयंत्र तथा बहि:स्राव को 6 से 7 कि. मी. दूर समुद्र में फेंकने के लिए लंबी दूरी की महंगी पाइप लाइन की क्षमता काफी अधिक है तथा एक और पी ओ संयंत्र की आसानी से सहायता कर सकती है। पी ओ संयंत्र का क्षमता उपयोग इस समय केवल 8900-10,000 एम टी प्रतिवर्ष है और यदि पूर्ति के लिए पर्याप्त बाजार उपलब्ध हो तो उत्पादन 15000 एम टी प्रतिवर्ष की गारंटी क्षमता तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है यदि देश की मांग की पूर्ति के लिए उच्चतर संयंत्र भार कारक पर संयंत्र के विस्तार और संचालन के लिए कंपनी को अवसर प्रदान किया जाए तो अल्प समय में और कारोबार अनुपात के लिए आकर्षक निवेश के साथ मामूली निवेश से इसे और बढ़ाया जा सकता है।

उन्होंने यह भी बताया है कि यह आवेदन, एस आई ए दस्तावेज और तुलन-पत्र के अनुसार मूल पंजीकृत क्षमता के आधार पर किया गया था किन्तु डिजाइन के अनुसार तथा किए गए गारंटी परीक्षण चक्र के अनुसार इन संयंत्रों की क्षमता काफी अधिक है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 1995-96 में घरेलू उत्पादकों का स्टॉक 402 एम टी और 1996-97 में स्टॉक 373 एम टी था। तथापि 1997-98 के प्रथम पांच महीनों (अप्रैल-अगस्त) में उनका स्टॉक बढ़कर 846 एम टी अर्थात् 19.9 प्रतिशत क्षमता उपयोग से उनके द्वारा उत्पादित 1122 एम टी मात्रा का लगभग 75 प्रतिशत हो गया।

स्पष्ट किया जाता है कि घरेलू उत्पादक होमोपॉलीअल और हैट्रोपॉलीअल दोनों का विनिर्माण कर रहे हैं और अपने ग्राहकों के लिए हेट्रोपॉलीअल की आपूर्ति कर रहे हैं। एम पी एल के मामले में ग्रेड एफ-3002 और एस ओ आर एल के मामले में ग्रेड एफ-3010 हेट्रोपॉलीअल हैं। तथापि कंपनियों ने अपने सहयोगियों के परामर्श के आधार पर तथा आंशिक रूप से एथीलिन आक्साइड की बहुत कम उपलब्धता के कारण सर्वप्रथम होमोपॉलीअल प्रस्तुत किया जो केवल प्रोपीलीन आक्साइड पर आधारित है। 1992 में उन्होंने हेट्रोपॉलीअल प्रस्तुत किया। तथापि, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण कोल्ड क्योर उत्पादों के लिए ई ओ के संरक्षण के मद्देनजर उन्होंने हेट्रोपॉलीअल की बिक्री केवल उन्हीं ग्राहकों को की जो केवल इसी विशेष ग्रेड को चाहते थे तथा उन ग्राहकों के लिए होमोपॉलीअल की आपूर्ति की जो निरंतर बिना किसी परिवर्तन के एक ही ग्रेड की निरंतर पुन: आपूर्ति चाहते थे। घरेलू उत्पादकों ने उल्लेख किया है कि एथीलिन आक्साइड के कारण हेट्रोपॉलीअल का संसाधन आसान है और कुछ कम निश्चित उत्प्रेरक की आवश्यकता होती है। 1993 के बाद एथीलिन की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है और वे हेट्रोपॉलीअल की आदेशित मात्रा की पूर्ति कर रहे हैं। उनके द्वारा उत्पादित मात्रा का 35 प्रतिशत हेट्रोपॉलीअल है। यदि क्रेता चाहे तो इस समय उनके पास समग्र मांग को पूरा करने की क्षमता और योग्यता है।

इसलिए यह मानने का कोई आधार नहीं है कि घरेलू उत्पादकों के पास एफ एस पी की घरेलू मांग को पूरी करने की पर्याप्त क्षमता नहीं है और आयात इसलिए आवश्यक हुए क्योंकि घरेलू उत्पादक एफ एस पी की घरेलू मांग पूरी करने की स्थिति में नहीं थे।

6. घरेलू उत्पादकों की अकुशलता

बताया गया है कि घरेलू उत्पादक प्रोपीलीन की आपूर्ति के लिए एम आर एल के साथ दीर्घकालीन करार करने में असफल रहे तथा वे स्वयं की गलतियों के लिए भारतीय ग्राहकों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त किसी व्यवसायी विशेषत: पेट्रोकेमिकल संयंत्रों के लिए इसमें कोई बुद्धिमानी नहीं है कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए कंपनी के प्रबंधन और निदेशकों पर निर्भर करे कि उनके पास संविदात्मक कच्चे माल की व्यवस्था है जो उन्हें प्रतियोगी बनाएगा। एम पी एल/एस ओ आर एल ऐसा नहीं कर सके। जुआ खेलने की इच्छा से उन्होंने एम पी एल में निवेश जारी रखने का निर्णय लिया। इतना ही नहीं एम पी एल एक कदम और आगे बढ़ी जब उदारीकरण की प्रक्रिया शुरू हो जाने के बाद भी उसने यू बी पेट्रोकेमीकल्स (एस ओ आर एल) का अधिग्रहण किया।

इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि घरेलू उत्पादक एफ एस पी के विनिर्माण में प्रयुक्त प्रमुख कच्चा माल प्रोपीलीन मुख्यत: मद्रास रिफाइनरीज लि. (एम आर एल) से प्राप्त करते हैं और कुछ मात्रा का आयात किया जाता है। एम पी एल/एस ओ आर एल दोनों ने प्रोपीलीन की आपूर्ति के लिए एम आर एम के साथ 10 वर्ष का करार किया है तथा उन्होंने एम आर एल के साथ किए गए करार की प्रति गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की है। प्रोपीलीन एल पी जी से पृथक किया जाता है। यह संविदा प्रोपीलीन का मूल्य पूरा करने के लिए काल्पनिक संसाधन लागत के साथ एल पी जी के मूल्य पर आधारित है। सितम्बर 1993 से एल पी जी के मूल्य भारत सरकार द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं और माहवार नियत किए जाते हैं तथा प्रोपीलीन के मूल्य एल पी जी की मूल्य प्रवृत्ति का अनुकरण करते हैं।

इस संबंध में यह भी स्पष्ट किया जाता है कि उत्पादन के समय प्रोपीलीन पर आयात शुल्क काफी अधिक थी और आयातित प्रोपीलीन के आधार पर परियोजना के बारे में सोचना भी किसी के लिए मुश्किल था। मार्च, 1993 में प्रोपीलीन पर आयात शुल्क में कमी की गई। 1993 में उसी समय एम आर एल में अग्नि दुर्घटना ने घरेलू उत्पादकों को प्रोपीलीन

आयात टर्मिनल कुड्डालूर पत्तन पर स्थानांतरित करने पर विचार करने के लिए विवश कर दिया क्योंकि चेन्नई, मुम्बई और तूतीकोरिन महापत्तनों में यह सुविधा नहीं थी तथा भीड़-भाड़ और खतरनाक कार्गों की शिपमेंट समाहित करने के लिए पत्तन में स्थान के अभाव के कारण ऐसी सुविधा स्थापित करने की उनकी इच्छा भी नहीं थी।

अत: यह कहना सही नहीं है कि घरेलू उत्पादक प्रोपीलीन की आपूर्ति के लिए एम आर एल के साथ दीर्घकालीन करार करने में असफल रहे अथवा वे स्वयं की गलतियों के लिए भारतीय ग्राहकों को दंडित करने का प्रयास कर रहे हैं।

घरेलू उत्पादकों की अकुशलता के संबंध में जो दूसरा मुद्दा उठाया गया है वह है उनकी प्रोपीलीन आक्साइड (पी ओ) विनिर्माण क्षमता का आकार जो कथित रूप से आर्थिक तौर पर उचित दर पर पी ओ के उत्पादन की अनुमति नहीं देता तथा कच्चे माल के ऊंचे मूल्य जिससे उनकी उत्पादन लागत बढ़ी है।

इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि डिजाइन और गारंटी निष्पादन परीक्षण में यथा प्रमाणित पी ओ संयंत्र की क्षमता प्रत्येक 15000 एम टी प्रतिवर्ष है जबकि पी ओ संयंत्र का क्षमता उपयोग लगभग 8900-10000 एम टी प्रतिवर्ष ही है। यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि घरेलू उत्पादकों की मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक क्षमता से काफी अधिक क्षमता के संयंत्र स्थापित करने चाहिए। घरेलू उत्पादकों ने यह भी उल्लेख किया है कि पी ओ एस एम रूट और पी ओ टी बी ए रूट में निवेश की ऊंची लागत के कारण उनके द्वारा अपनाई गई प्रौद्योगिकी मध्यम क्षमता के संयंत्रों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है तथा टेक्निप ने एम पी एल के साथ एम पी एल को मॉडल मानते हुए चीन, थाईलैंड और ताईवान में संयंत्रों के निर्माण का प्रस्ताव किया है। चीनी संयंत्र में एस ओ आर एल की डिजाइन पर आधारित पॉलीअल संयंत्र भी शामिल होगा। ताईवान और चीन के एक दल ने डिजाइन विनिर्देशों को अंतिम रूप देने के लिए पिछले वर्ष दो बार और इस वर्ष एक बार उनका दौरा किया।

इसके अलावा, इस बात की प्रशंसा की जानी चाहिए कि रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण का मूल उद्देश्य बढ़े हुए आयात से पेश आई प्रतिस्पर्धा की नई स्थिति का सामना करने के लिए घनात्मक समायोजन हेतु घरेलू उद्योग को समय प्रदान करना है। यदि घरेलू उद्योग पूर्णत: सक्षम और प्रतियोगी होता तो संभवत: सुरक्षा के लिए किसी रक्षोपाय की आवश्यकता नहीं होती। रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण की वांछनीयता के संबंध में इस प्रश्न का उत्तर आवश्यक है कि घरेलू उद्योग के घनात्मक समायोजन और प्रतियोगी बनाने की क्या कोई तर्कसंगत संभावना है। यदि उत्तर "हां" है तो घरेलू उद्योग की सुरक्षा की आवश्यकता है।

7. **गुणता और तकनीकी सहायता**

कुछ पक्षकरों ने कहा है कि घरेलू एफ एस पी की गुणता वांछित स्तर की नहीं थी और आयातित एफ एस पो की गुणता बेहतर थी तथा विदेशी आपूर्तिकर्ता उन्हें उत्कृष्ट सेवाओं एवं नवीनतम प्रौद्योगिकी के साथ उपलब्ध करा रहे थे। घरेलू उत्पादकों द्वारा विनिर्मित पॉलीअल के अलावा होमोपॉलीअल था जिसके लिए फोम उत्पादन हेतु काफी अधिक मात्रा में उत्प्रेरक स्तरों की आवश्यकता थी जो कि काफी खर्चीला है। फोम ब्लॉकों के केन्द्र की ब्राउनिंग, घरेलू पॉलीअल में उपलब्ध कराए गए ऐन्टी स्क्रोचिंग एजेंटों के अनुपयुक्त स्तर के कारण होती है। दोनों कंपनियों, यद्यपि एक ही ग्रुप के स्वामित्व की हैं, पॉलीअल के विनिर्माण के लिए भिन्न-भिन्न प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करती हैं और इसके लिए निर्मितियों (फार्मूलेशनों) में परिवर्तन करना अपेक्षित होता है। यद्यपि जब वे आर्डर देते हैं, विपणन व्यवस्था एक समान होने पर भी उनका इस पर कोई नियंत्रण नहीं था कि किस माल की आपूर्ति की जाए।

इस संबंध में यह पाया गया है कि एम पी एल और एस ओ आर एल क्रमश: आई एस ओ 9001 और आई एस ओ 9002 प्रत्याशित कंपनियां हैं। उन्होंने दावा किया है कि उनका उत्पाद अपनी श्रेणी के लिए निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि आई एस ओ प्रत्यायन के एक भाग के रूप में वे अपने ग्राहकों से नियमित तौर पर "फीडबैक" एकत्र करते हैं। एम पी एल और आयातित उत्पाद की विशेषता की एक प्रति आवेदकों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत भी की गई है जिससे यह पता चलता है कि उनका उत्पाद आयातित एफ एस पी से पूर्णत: तुलनीय है। घरेलू उत्पादकों ने कहा है कि मुख्य गुणता सीमा को मानिटर करने के लिए वे सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण प्रक्रियाओं का पालन करते हैं और रिकार्डों से पता चलता है कि अन्य अंतरराष्ट्रीय उत्पादकों द्वारा प्राप्त डिजाइन-मानदंडों के वह अनुरूप होता है। उनके पास पूर्णत: सुव्यवस्थित अनुप्रयोग प्रयोगशाला और गुणता-नियंत्रण प्रयोगशाला है जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विज्ञान और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डी एस आई आर) द्वारा मान्यता प्राप्त है। उनके पास अपनी सहयोगी कंपनी तमिलनाडु पेट्रोप्रोडक्ट्स लिमिटेड (टी पी एल) की भी प्रयोगशाला सुविधाएं हैं और चेन्नई में एस पी आई सी साइंस फाउण्डेशन की अत्याधुनिक प्रयोगशाला भी है। वहां पर उत्पाद की गुणता, अणुभार वितरण, रंग, हाइड्रोक्सील संख्या के मूल पैरामीटर और अन्य पैरामीटर का परीक्षण मानक परीक्षण पद्धतियों के अनुसार किया जाता है। उनके सहयोगियों (कोलैबोरेटर्स) द्वारा संस्तुत कतिपय विशेष परीक्षणों के सिवाए शेष परीक्षण ए एस टी एम मानकों के अनुसार किया जाता है। उन्होंने इस संबंध में दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत किया है।

घरेलू उत्पादकों ने यह भी कहा है कि उन्होंने सी एफ सी मुक्त फार्मूलेशनों का विकास पूरा किया है और वाणिज्यिक उत्पादन पहले से ही शुरू कर दिया है जिसका अनुमोदन लगभग सभी प्रमुख विनिर्माताओं ने किया है। परिवर्तनीय बाजार में इस्तेमाल के लिए उनके द्वारा तैयार किए गए पॉलीपर पॉलीअलों और फोम के सेलों (cells) को सुदृढ़ करने और खोलने के लिए तैयार किए गए विशिष्ट पॉलीअलों की मित्सुई से जापानी टीम द्वारा प्रशंसा की गई है जिन्होंने भारतीय पी यू उद्योग को दूसरों के द्वारा पहले किए गए योगदान की तुलना में काफी अधिक योगदान किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि वे अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के साथ सहयोग करने की दृष्टि से अध्ययन करते हैं और संयुक्त कार्यक्रम चलाते हैं तथा उनकी प्रयोगशाला में तैयार किए गए उत्पाद बेहतर साबित हुए हैं और उन्हें अन्य अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की तुलना में इसका अनुमोदन मिला है। घरेलू उत्पादकों ने आगे यह भी कहा है कि ग्राहकों के स्थानों पर बाजार में उत्पादों के आ जाने पर उनके तकनीकी स्टॉफ ने फार्मूलेशनों को परिष्कृत कर दिया और उसके बाद जब कभी सहायता विशेष मांगी गई, वे ग्राहकों के स्थानों पर गए।

आई एस ओ 9001 प्रक्रिया के अनुसार वे ग्राहकों से "फीडबैग" नियमित रूप से प्राप्त करते रहते हैं और ग्राहकों की पूर्ण संतुष्टि सुनिश्चित करते हैं और नियमित रूप से उनमें सुधार करते रहते हैं। उन्होंने इस संबंध में दस्तावेजी प्रमाण भी प्रस्तुत किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि उनके पास एफ एस पी के 50 से अधिक ऐसे छोटे और मंझोले किस्म के ग्राहक

हैं जो उत्पाद एवं तकनीकी सहायता सेवा दोनों के लिए उन पर पूर्णत: निर्भर हैं क्योंकि उनकी मांग अल्प मात्रा में लगभग 100 कि. ग्रा. से 5 मी. टन प्रतिमाह है। अधिकांश बहुराष्ट्रीय कंपनियां उनकी मांगों को पूरा करने में इच्छुक नहीं हैं।

यह भी देखा गया है कि फोम उत्पादन प्रक्रम एक जटिल प्रक्रम है और उत्पादित फोम की गुणता विभिन्न पैरामीटरों पर निर्भर करती है। एफ एस पी की गुणता उनमें से एक है तथापि यह मुख्य रूप से फोम निर्माताओं द्वारा प्रयोग की जाने वाली मशीन की गुणता पर निर्भर करती है। कुछ प्रयोक्ताओं ने 1995 और 1996 या इससे पहले की अवधि में उनके द्वारा की गई गुणता शिकायत का हवाला दिया है। उन्होंने पत्राचार की उन प्रतियों को भी प्रस्तुत किया है जो माल की घटिया गुणता के लिए उनके द्वारा मुआवजे का दावा करने के बारे में हैं। तथापि यह पाया गया है कि ये शिकायतें 1995-96 या इससे पहले की अवधि से संबंधित है, न कि वर्तमान अवधि से। इस संबंध में घरेलू उत्पादकों ने यह कहा है कि कंपनियों के एक ही ग्रुप के अंतर्गत आ जाने के बाद फोम उत्पादकों ने एक कंपनी को दूसरी कंपनी के विरुद्ध रखकर अपना लाभ छोड़ दिया और वे अधिकतम रियायत पाने से छूट गए। अत: उन्होंने इसके समाधान के लिए "गुणता-समस्या" को औजार के रूप में इस्तेमाल किया। लगभग ये सभी शिकायतें संदिग्ध थी।

घरेलू उत्पादकों ने बताया है कि कुछ मामलों का जब विश्लेषण किया तो यह पाया गया कि समस्याएं, रसायनों के उस तापमान जिस पर वह फोमिंग के दौरान भण्डारित किया जाना होता है, से अलग करके देखी जा सकती है तथा गलत फार्मूलेशनों, खराब मशीनरी अथवा अन्य ऐसी समस्या से भी अलग करके देखी जा सकती है जो एम पी एल/एस ओ आर एल उत्पाद के लिए जिम्मेदार नहीं है तथापि वे सतत् व्यापार संबंध को ध्यान में रखकर और ग्राहकों से संबंध बनाए रखने तथा सुदृढ़ रखने की दृष्टि से इस बात की पूरी जानकारी रखते हुए कतिपय दावों को स्वीकार कर लिया कि दावे किसी भी आधार पर मान्य नहीं है।

जहाँ तक बैच-दर-बैच की गुणता में अन्तर का संबंध है, घरेलू उत्पादकों ने कहा है कि संयंत्र से उत्पादित पॉलिअल को एम पी एल में 225 एम टी की क्षमता वाले भण्डारण टैंक में और एस ओ आर एल में 80 एम टी की क्षमता वाले टैंक में डाला जाता है और उसके बाद उसे ड्रमों में पैक किए जाने से पूर्व होमोजनित किया जाता है। अत: संभव नहीं है कि ड्रम दर ड्रम अंतर अथवा बैच-दर-बैच अंतर को नोट किया जा सके।

इस संबंध में यह देखना प्रासंगिक होगा कि एम पी एल और एस ओ आर एल के कुछ ऐसे खरीदारों, जिनका अधिकारियों के एक दल द्वारा सत्यापन किया जाना था, पर एम पी एल/एस ओ आर एल को भुगतान किए जाने के लिए राशि बकाया थी और उनके पास यह दर्शाने के लिए कोई प्रमाण नहीं था कि उन्होंने कोई माल अस्वीकृत कर दिया है या एम पी एल/एस ओ आर एल को वापस कर दिया है। इसी प्रकार एम पी एल और एस ओ आर एल के केन्द्रीय उत्पाद शुल्क संबंधी रिकार्डों से यह पता नहीं चला कि उन्होंने उपने खरीदारों से एस ओ आर एल द्वारा गत तीन वर्षों के दौरान 1.35 एम टी एफ एस पी के सिवाय, कोई माल वापस लिया हो। इसके अलावा प्रमुख फोम उत्पादकों के पास उनके परिसरों में एफ एस पी परीक्षण सुविधाएं भी नहीं थी। शीला फोम और भारत फोम जो अपनी सहायक कंपनियों सहित स्लैबस्टॉक फोम और पी यू फोम मैट्रेसेज के 45 प्रतिशत बाजार हिस्सा थे, के पास ऐसे परीक्षण सुविधाएँ नहीं हैं। एम पी एल/एस ओ आर एल से उनके द्वारा खरीदे गए एफ एस पी के अस्वीकृत किए जाने के बारे में मांग किए जाने पर उन्होंने कोई पत्राचार/प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया।

पूर्ववर्ती चर्चा को ध्यान में रखते हुए यह समझा जाता है कि एम पी एल/एस ओ आर एल द्वारा उपलब्ध कराई गई गुणता और तकनीकी सहायता सेवा, बढ़े हुए आयात का "कारण" नहीं था।

8. घरेलू उत्पादकों की एकाधिकार—स्थिति—

कुछ पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि दोनों आवेदकों अर्थात् एम पी एल और एस ओ आर एल एक साझा स्वामित्व के अंतर्गत हैं और एकाधिकार उत्पादक हैं। अत: रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण, एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (एम आर टी पी) अधिनियम 1969 के उपबंधों और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धान्तों के विरुद्ध होगा जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 39 में वर्णित है जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि अर्थव्यवस्था के प्रचालन से यह नहीं होना चाहिए कि आर्थिक शक्ति, सामान्य हित के विरुद्ध केंद्रित हो जाए।

इस संबंध में यह देखा गया है कि एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (एम आर टी पी) अधिनियम, 1969 "गलत व्यवहार" के सिद्धान्तों पर आधारित है न कि निषेध आधारित है। दूसरे शब्दों में यह अधिनियम किसी एकाधिकार को तथ्यत: अवैध घोषित नहीं करता बल्कि एकाधिकार वादी या अवरोधक व्यापारिक व्यवहार के परिणामस्वरूप हुई क्षति और उससे होने वाले लाभ के संदर्भ में उसके औचित्य के बीच संतुलन लाने का प्रयास है।

एम पी एल और एस ओ आर एल ने अपना उत्पादन 1990 के आसपास शुरू किया। दोनों कंपनियाँ एस पी आई सी (स्पिक) ग्रुप की हैं और उनका एक साझा प्रबंधन है तथा प्रोपीलीन आक्साइड, प्रोपीलीन ग्लाइकॉल और पॉलीअल संयंत्रों का प्रचालन कर रही है। "टिडको" तमिलनाडु राज्य सरकार औद्योगिक विकास निगम, एस ओ आर एल का संयुक्त प्रोमोटर है। यद्यपि एम पी एल और एस ओ आर एल दोनों एक ही ग्रुप की कंपनियाँ है, फिर भी उनका अलग-अलग विधिमान्य अस्तित्व है। यू बी पी पी एल का अधिग्रहण स्पिक ग्रुप द्वारा अगस्त, 1994 के आस-पास किया गया और उनका नया नाम एस ओ एल कर दिया गया। आवेदकों ने दावा किया है कि यू बी पी पी एल के अधिग्रहण के बाद उन्होंने सुसंगत और पारदर्शी मूल्य निर्धारण नीति बनाई है जिससे भारत में सभी खरीदारों को लगभग उसी कीमत पर उत्पाद उपलब्ध होता है।

घरेलू प्रयोक्ता उद्योग का विकास एम पी एल और एस ओ आर एल के साथ हुआ है जिन्होंने घरेलू बाजार को विगत 7-8 वर्षों से आपूर्ति की है। निर्यातकों/आयातकों ने एम पी एल और एस ओ आर एल द्वारा एफ एस पी के घरेलू प्रयोक्ताओं को हुई क्षति के बारे में किसी भी रूप में कोई प्रमाण नहीं प्रस्तुत किया है। उन्होंने यह कहने के सिवाए कुछ नहीं किया है कि एम पी एल और एस ओ आर एल दोनों का घरेलू बाजार के बड़े भाग पर नियंत्रण है। इसके विपरीत, जैसा कि पॉलीयूरेथेन एसोसिएशन आफ इंडिया ने स्वीकार किया है, स्लैबस्टॉक उद्योग का उत्पादन, 1985—1992 के दौरान 9000—10000 एम टी प्रतिवर्ष के स्तर पर वस्तुत: स्थिर हो गया जो कि अब बढ़कर 50,000 एम टी प्रतिवर्ष से अधिक हो गया अर्थात् एम पीएल के आगमन और स्पिक (एस पी आई सी) ग्रुप द्वारा एस ओ आर एल का अधिग्रहण होने के बाद घरेलू उत्पादकों ने काफी वृद्धि की है।

घरेलू उत्पादकों ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि उन्होंने सुसंगत और पारदर्शी मूल्य निर्धारण नीति बनाई है। 1991 और 1994 के बीच एम पी एल और एस ओ आर एल दोनों पर बाजार से चार महीने से अधिक राशि बकाया थी और उस अवधि के दौरान अधिक उत्पादन तथा देश में अपेक्षाकृत छोटे बाजार के कारण मूल्य स्थिर करने में उन्हें दिक्कतें आ रही थी। जब कंपनियों ने अपना बाजार हिस्सा बढ़ाने का प्रयास किया, क्रेडिट अवधि बढ़ गई। जुलाई-अक्तूबर, 1995 में जब पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ रही थीं और आयातित पी एस पी 100 रु. प्रति कि.ग्रा. से अधिक मूल्य पर आता था, उन्होंने अंधाधुंध रूप से कीमत नहीं बढ़ाई और एक बार इसे लगभग 78 रु. प्रति कि.ग्रा. के संतोषजनक स्तर पर पहुंच जाने पर इसे इसी स्तर पर रखा। उत्पाद की कीमत बाजार में सभी ग्राहकों को ज्ञात थी और उत्पाद से अधिक मात्रा में उठाए जाने के लिए कोई विशेष छूट नहीं दी गई तथा सभी ग्राहकों को लगभग समान माना गया और उन्होंने बाजार-स्थान पर कभी कोई जोड़-तोड़ या पक्षपात नहीं किया । तथापि, उन्होंने बिना किसी विलंब के 45 वें दिन भुगतान करने पर 2.5 रु. प्रति कि.ग्रा. की दर से "शीघ्र भुगतान छूट" दी।

यहाँ यह देखना उचित होगा कि निर्यातकों की काफी अधिक क्षमता में घरेलू उत्पादकों के पास एफ एस पी की लगभग 18000 एम टी की कुल क्षमता है। भारत में एफ एस पी के आयात करने की अनुमति बिना किसी अप्रतिबंध के है। यदि कोई आयात करना चाहता तो वह एफ एस पी का आयात कर सकता था या अपनी मांग को घरेलू रूप से पूरी कर सकता था। अप्रतिबंधित आयात को देखते हुए यह मान लेना सही नहीं होगा कि घरेलू उत्पादकों का कोई एकाधिकार होगा—विशेषकर इस तथ्य को ध्यान में रखकर कि भारत में एफ एस पी के आयात में 1994-95 से 1997-98 (अप्रैल-अगस्त) की अवधि के दौरान पर्याप्त वृद्धि, प्रत्यक्ष खपत के लगभग 25.30 प्रतिशत तक हुई है। कानून भी एकल उत्पादक अथवा एक ही ग्रुप की दो कंपनियों के हितों की अपेक्षा नहीं करता, अकेले उस आधार पर सुरक्षा भी नहीं मिलेगी भले ही वे उचित रूप से सुरक्षा पाने के योग्य हों।

यह देखा गया है कि राक्षोपाय शुल्क का उद्देश्य एकाधिकार प्रथा को प्रोत्साहित करना नहीं है। इसका विशिष्ट उद्देश्य घरेलू उत्पादकों के हित की सुरक्षा करना है यदि बढ़ा हुआ आयात उनके लिए गंभीर क्षति का कारण या गंभीर क्षति का खतरा उत्पन्न होने का कारण हो, ताकि उन्हें इसका समय दिया जा सके कि वे बढ़े हुए आयात से पेश आई प्रतियोगिता की नई स्थिति से निपटने के लिए घनात्मक समायोजन कर सकें। रक्षोपाय शुल्क एक अस्थायी उपाय है जो केवल उसी सीमा तक अधिरोपित किया जाता है जिस सीमा तक वह क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त हो। इसके अलावा कस्टम टैरिफ अधिनियम, 1975 जो केंद्रीय सरकार को रक्षोपाय शुल्क अधिरोपित करने की शक्ति प्रदान करता है, संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है जिसमें कानून की वही शक्ति है जो एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (एम आर टी पी) अधिनियम 1969 में है। अत: इस संबंध में निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा करने के मामले में रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण, एकाधिकार तथा अवरोधक व्यापारिक व्यवहार (एम आर टी पी) अधिनियम, 1969 के उपबंधों अथवा भारत के संविधान में वर्णित राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों के उल्लंघन में नहीं है।

9. सार्वजनिक हित

कुछ पक्षकारों ने यह तर्क दिया है कि रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से किसी सार्वजनिक हित का प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। बल्कि इसके विपरीत रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से सार्वजनिक हित पर गंभीर रूप से विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि अनेक अंत्य प्रयोक्ता उद्योग बंद हो सकते हैं।

इस संबंध में यह देखा गया है कि घरेलू उत्पादकों ने विनिर्दिष्ट तौर पर कहा है कि उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए वास्तविक प्रयास किया है कि अंत्य-प्रयोक्ता उद्योग में वृद्धि हो। उन्होंने पॉलीयूरेथेन एसोसिएशन आफ इंडिया की सह-स्थापना की और ऐसे बहुत छोटे तथा छोटे खरीदारों की सूची प्रस्तुत की है जिन्हें उनके द्वारा सेवा उपलब्ध कराई जाती थी और जिनकी पी एस पी की मांग केवल लगभग 100 कि.ग्रा. प्रति माह से 5 एम टी प्रतिमाह थी।

आगे यह भी देखा गया है कि "सार्वजनिक हित" पद के अंतर्गत अकेले उपभोक्ता-हित नहीं आता। यह एक व्यापक अर्थ वाला पद है जिसकी परिधि में विस्तृत सामुदायिक हित को ध्यान में रखते हुए सामान्य सामाजिक कल्याण आता है। रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से खरीदारों के हाथों में आयातित एफ एस पी की बढ़ी हुई लागत आ सकती है और इसलिए इससे उससे विनिर्मित अंत्य उत्पाद भी प्रभावित हो सकते हैं, रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण के उद्देश्य को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण होगा। रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण का उद्देश्य बढ़े हुए आयात से पेश आई प्रतिस्पर्द्धा की नई स्थिति का सामना करने के लिए घनात्मक समायोजन हेतु घरेलू उद्योग को समय प्रदान करना है। अत: समुचित अवधि के लिए और पर्याप्त सीमा तक रक्षोपाय शुल्क के अधिरोपण से ग्राहकों के लिए न केवल प्रतिकूल प्रभाव (यदि कोई हो) कम होगा बल्कि उन्हें अपनी अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए प्रतियोगी कीमतों पर व्यापक पसंद का अवसर भी मिलेगा। घरेलू उत्पादक, जिन्होंने बड़े सार्वजनिक निवेश से संयंत्रों की स्थापना की है, बड़ी संख्या में लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराते हैं और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में मूल्यवान योगदान करते हैं। अत: रक्षोपाय शुल्क, जो घरेलू उत्पादकों को हुए आयात से उत्पन्न प्रतियोगिता की स्थिति में बने रहने के लिए समर्थ रखेगा, एफ एस पी के खरीददारों के तथा एफ एस पी से विनिर्मित उत्पादों के खरीददारों के व्यापक हित में होगा। अत: यह समझा जाता है कि एफ एस पी पर रक्षोपाय शुल्क का अधिरोपण, सार्वजनिक हित में होगा।

10. अन्य मुद्दे

कुछ पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि भारत में एफ एस पी पर आयात शुल्क क्षेत्र में सबसे अधिक है। तथापि, इस तर्क को रक्षोपाय शुल्क के संदर्भ में असंगत समझा गया है क्योंकि किसी उत्पाद विशेष पर आयात शुल्क का स्तर विभिन्न घटकों पर आधारित होता है जिसमें से कुछ घटक तुलनीय और प्रतियोगी उत्पादों पर आयात शुल्कों के स्तर के होते हैं और निवेशों पर राजस्व वसूली तथा घरेलू उत्पादकों के साथ-साथ प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय उत्पादकों द्वारा उठाई गई हानि पूरा करने की आवश्यकता होती है। अतएव प्रत्येक देश अपनी आवश्यकताओं के अनुसार आयात शुल्क का स्तर निश्चित करता है जिसे दूसरों के लिए संदर्भ की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। यह भी कहा गया है कि रक्षोपाय शुल्क, आपवादिक परिस्थितियों के लिए एक आपंत उपाय है जिसे केवल सख्त अपेक्षाओं के अंतर्गत कार्यान्वित किया जा सकता है और भारत ने गत तीन वर्षों के दौरान शुरू की गई 15 जांच में से 5 महीने अंतर्गत 5 जांच शुरू की है।

इस संबंध में यह देखा गया है कि वर्तमान रक्षोपाय जांच, घरेलू रक्षोपाय कानून के अनुसार शुरू की गई है जिसमें इस विषय पर डब्ल्यू टी ओ के उपबंधों का उल्लेख है। टैरिफ और व्यापार सामान्य करार गैट (जी

ए टी टी) के अनुच्छेद xix में उत्पाद विशेष के आयात पर आपात कार्रवाई का वर्णन है और रक्षोपाय करार (ए ओ एस), गैट 1994 को स्पष्ट एवं उसके अनुशासन की संपुष्टि करता है, विशेषकर उसके अनुच्छेद xix को। रक्षोपाय करार (ए ओ एस) के अनुच्छेद 2 में रक्षोपाय के अधिरोपण के लिए आवश्यक शर्तों का उल्लेख किया गया है और निर्दिष्ट किया गया है कि यदि बढ़े हुए आयात से, घरेलू उत्पादन के लिए निरपेक्ष हो या आपेक्षिक, प्रतियोगी उत्पादों जैसे अथवा प्रत्यक्ष रूप से प्रतियोगी उत्पादों को उत्पादित करने वाले घरेलू उत्पादकों को गंभीर क्षति होती है या गंभीर क्षति का खतरा हो तो रक्षोपाय लागू किया जा सकता है। चूंकि वर्तमान मामले में जांच भारतीय रक्षोपाय कानून के उपबंधों, जिसमें डब्ल्यू टी ओ के संगत उपबंधों का उल्लेख है, के अनुसार शुरू की गई है, इसलिए यह समझा जाता है कि इस संबंध में अपेक्षाओं को पूर्णत: पूरा किया गया है।

यह भी कहा गया है कि घरेलू उत्पादकों ने दो यूनिटों के लिए भिन्न-भिन्न राशि के रक्षोपाय शुल्क का दावा किया है और रक्षोपाय शुल्क, इक्विटी पूंजी पर गारंटी शुदा प्रतिफल सुनिश्चित करने के लिए अधिरोपित नहीं किया जा सकता है। इस संबंध में यह देखा गया है कि घरेलू उत्पादकों ने प्रारंभ में दो कंपनियों के लिए रक्षोपाय शुल्क की दो भिन्न-भिन्न राशि के लिए अनुरोध किया था जिसका आधार दो अलग-अलग कंपनियों के लिए उचित बिक्री प्राप्ति की उनकी गणना थी। तथापि उन्होंने आगे चलकर उस उत्पादक का एक मात्र उत्पादक दो कंपनियों के लिए औसत भार आधार पर परिकलित एक समान रक्षोपाय शुल्क का अनुरोध किया।

जहां तक इक्विटी पूंजी पर प्रतिफल का संबंध है, यह देखा गया है कि कस्टम टैरिफ (रक्षोपाय शुल्क की पहचान और निर्धारण) नियमावली 1997 के नियम 8 के अंतर्गत घरेलू उद्योग के लाभ और हानि एक ऐसे घटक हैं जिससे यह निर्धारित करने के लिए विशिष्ट रूप से मूल्यांकित किया जाना आवश्यक है कि बढ़े हुए आयात से घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति हुई है या गंभीर क्षति होने का खतरा उत्पन्न हुआ है या नहीं। इक्विटी पूंजी पर प्रतिफल कंपनियों द्वारा उठाए गए लाभ या हानि का एक प्रतिफलन है और इसलिए घरेलू उद्योग के लिए गंभीर क्षति होने के निर्धारण हेतु संगत है। चूंकि रक्षोपाय शुल्क बढ़े हुए आयात से घरेलू उद्योग को हुई गंभीर क्षति को दूर करने या रोकने के आशय से है इसलिए इक्विटी पूंजी पर उचित लाभ को ध्यान में रखते हुए घरेलू उत्पादकों द्वारा रक्षोपाय शुल्क की मांग करने में कुछ भी गलत नहीं है और यह रक्षोपाय शुल्क उन्हें होने वाली गंभीर क्षति को दूर करने या रोकने के लिए पर्याप्त होगा।

11. गंभीर क्षति

विभिन्न घटकों के विश्लेषण से पता चलता है कि घरेलू उत्पादकों को समग्र रूप से काफी क्षति पहुंची है जैसा कि नीचे बताया गया है:—

(क) **उत्पादन :** फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीअल का घरेलू उत्पादन जो 1994-95 के 5762 एम टी से बढ़कर 1995-96 में 6831 एम टी और 1996-97 में 7050 एम टी हो गया था, 1997-98 के प्रथम पांच महीनों में काफी नीचे गिरकर 1122 एम टी हो गया जिसे यथा अनुपात आधार पर 1996-97 की तुलना में उत्पादन में 61.8 प्रतिशत की गिरावट प्रदर्शित होती है।

(ख) **बिक्री :** फ्लैक्सिबल स्लैबस्टॉक पॉलीअल की घरेलू बिक्री, जो 1994-95 के 5937 एम टी, 1995-96 के 6500 एम टी से बढ़कर 1996-97 में 7133 एम टी के चरम पर थी,1997-98 के प्रथम पांच महीनों में नीचे गिरकर 657 एम टी हो गई अर्थात् यथा अनुपात आधार पर 1996-97 की बिक्री की तुलना में 1997-98 के प्रथम पांच महीनों में बिक्री 77.9 प्रतिशत नीचे गिर गई। घरेलू उत्पादकों ने प्रत्यक्ष खपत में अपना हिस्सा खो दिया अर्थात् उनका हिस्सा 1996-95 में 76.7 प्रतिशत, 1995-96 में 70.7 प्रतिशत, 1996-97 में 68.1 प्रतिशत और अप्रैल-अगस्त 1997 में केवल 14.6 प्रतिशत अर्थात् घरेलू उत्पादकों ने 1996-97 की तुलना में अपना बाजार हिस्सा 365.8 प्रतिशत खो दिया। आवेदक, घरेलू बाजार में इस घटे हिस्से को केवल उस घटे औसम बिक्री मूल्य पर बनाए रखने में समर्थ रहे हैं जो इसी अवधि में 81,331 रु. प्रति एम टी से गिरकर 74,800 रु. प्रति एम टी (केंद्रीय उत्पाद शुल्क सहित) हो गया।

(ग) **स्टॉक :** उत्पादन के बहुत घटे स्तर पर भी स्टॉक अगस्त, 1997 के अंत में 846 एम टी इकट्ठा था जब कि यह मार्च 1997 के अंत में 373 एम टी था। अत: स्टॉक 1996-97 की तुलना में 226.8 प्रतिशत हो गया।

(घ) **क्षमता उपयोग**

उत्पादन की स्थिति की तरह घरेलू उत्पादकों का क्षमता उपयोग भी 1996-97 की तुलना में 1997-98 (अप्रैल-अगस्त) में बहुत नीचे गिर गया।

(ङ) **लाभ की हानि**

दोनों कंपनियों की औसत बिक्री प्राप्ति में औसत बिक्री कीमत में कमी आने के फलस्वरूप विगत वर्षों में कमी आई है। घरेलू उत्पादक बाजार खो देने के बाद भी आगे कीमतों को और घटाने में समर्थ नहीं है क्योंकि अधिकतम सीमा पर पहुंच चुके हैं और यदि बिक्री कीमतों में और कमी होती हैं तो उन्हें नकद हानि उठानी पड़ेगी। वे बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के प्रति वित्तीय बाध्यताओं को पूरा करने में भी समर्थ नहीं हैं। वे बाजार और वित्तीय संस्थाओं से उधार लेकर उत्पादन को बनाए हुए हैं। एस ओ आर एल ने पहले ही बी आई एफ आर उपबंधों को लागू किया है।

(च) **उत्पादकता की हानि**

